उज्जैन
सोमवार
02
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-119
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



यूएस-ईरान तनाव के बीच अबू धाबी में हैं ईशा गुप्ता कहा- मैं सुरक्षित हूं, समय बहुत कठिन है, एक्ट्रेस ने जल्द भारत लौटने की उम्मीद जताई

पेज- 8

## खामेनेई के बेटे बन सकते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर

**तेहरान।** अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि उनकी जगह कौन लेगा। यह सवाल इसलिए भी, क्योंकि ईरान का सुप्रीम लीडर राष्ट्रपति से भी ज्यादा ताकतवर होता है। ईरान ने अभी नए सुप्रीम लीडर के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन सरकारी मीडिया फार्स समेत कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके बेटे मुजतबा खामेनेई इस पद पर चुने जा सकते हैं। उन्हें पिछले 2 साल से सुप्रीम लीडर बनाने की तैयारी चल रही थी। ईरान में सुप्रीम लीडर को रहबर कहा जाता है। रहबर का मतलब है, मार्गदर्शक या रास्ता दिखाने वाला। 88 मौलवियों की असेंबली सुप्रीम लीडर का चुनाव करती है।



## अफगानिस्तान का पाकिस्तान के नूरखान एयरबेस पर हमला

**इस्लामाबाद/ काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बीते चार दिनों से लगातार हवाई हमले और गोलीबारी जारी है। तालिबान सरकार का कहना है कि हमने पाकिस्तान के बेहद संवेदनशील नूर खान एयरबेस पर हमला किया है। यह एयरबेस रावलपिंडी में है। इसके साथ ही तालिबान के एक मंत्री ने दावा किया कि उनके लड़ाके डूरंड लाइन पार कर पाकिस्तान की जमीन में घुस चुके हैं। तालिबान के मुताबिक, क्वेटा और खैबर पख्तूनख्वा के कुछ सैन्य ठिकानों पर भी हमले किए गए हैं। ये कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से काबुल, बगराम और अन्य इलाकों में किए गए हवाई हमलों के जवाब में की गई। दूसरी तरफ पाकिस्तान सरकार ने दावा किया है कि अब तक 400 से ज्यादा अफगान लड़ाके मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं।

## जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, वे घुसपैठिए थे

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले में भाजपा की परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए नवीन ने दावा किया कि बंगाल में 50 लाख से ज्यादा घुसपैठियों को वोटर लिस्ट से हटाया गया है। पश्चिम बंगाल में एक दिन पहले ही स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के बाद जारी वोटर लिस्ट से 63.66 लाख नाम हटाए गए हैं। नवीन ने आरोप लगाया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, वे घुसपैठिए थे और वे असली नागरिकों के लिए बनी सरकारी नौकरियों और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे थे।



## ओडिशा के बोलांगीर और बरगढ़ को नक्सल मुक्त

**बोलांगीर।** ओडिशा के 2 जिले बोलांगीर और बरगढ़ को नक्सल मुक्त घोषित किया गया है। ओडिशा पुलिस ने बताया कि यहां के 15 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। अब से ये जिले नक्सल मुक्त हैं। डीजीपी वाई बी खुरानिआ ने कहा कि राज्य में लंबे समय से चलाए जा रहे संयुक्त एंटी-नक्सल अभियानों का यह एक बड़ा परिणाम है। इन 15 माओवादियों ने छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में आत्मसमर्पण किया, जो बरगढ़ से सटा हुआ है। ये माओवादी बरगढ़-बोलांगीर-महासमुंद बेल्ट में सक्रिय थे। डीजीपी ने बताया कि इस घोषणा के साथ ओडिशा में नक्सल मुक्त जिलों की संख्या बढ़कर 7 हो गई है, इनमें नुआपाड़ा, नबरंगपुर, कोरापुट, मलकानगिरी, बौध, बोलांगीर और बरगढ़ के नाम हैं। कंधमाल, रायगढ़ा और कालाहांडी जिलों में अभी भी माओवादी गतिविधियां जारी हैं।

### अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते शेयर बाजार में गिरावट

# सेंसेक्स 1000 अंक टूटा

## 80000 पर आया, रियल्टी और ऑटो शेयर्स टूटे, जापानी बाजार 1.5% नीचे

ब्रह्मास्त्र » मुंबई

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते शेयर बाजार में आज यानी 2 मार्च को गिरावट है। सेंसेक्स 1,000 अंक (1.14%) से ज्यादा की गिरावट के साथ 80,000 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी करीब 300 अंकों (1.14%) की गिरावट है, ये 24,900 के स्तर पर है।

जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे



सोने-चांदी जैसी सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है।

कच्चे तेज की कीमतों में तेजी के चलते आज एनर्जी और ऑटो शेयरों में ज्यादा गिरावट है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 10% बढ़कर 79 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई है। जानकारों का मानना है कि अगर यह तनाव और बढ़ा, तो तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल तक सकती हैं।

### सोना 5 हजार रुपए बढ़ा 1.67 लाख पर पहुंचा

- वायदा बाजार पर सोना 5 हजार रुपए (3%) की तेजी के साथ 1.67 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी 8 हजार रुपए (3%) बढ़कर 2.91 लाख प्रति किलो पहुंच गई है। कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 1.90 लाख रुपए और चांदी 3.5 लाख रुपए तक जा सकती है।
- इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 100 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल 88 से बढ़कर 92 तक जा सकता है।

## अविमुक्तेश्वरानंद पर आरोप लगाने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पीछे हटे

### पुलिस-सरकार से नहीं मिली मदद



ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

बटुकों के साथ हुए यौन शोषण मामले में आशुतोष ब्रह्मचारी ने कदम पीछे खींच लिए हैं। उन्होंने पुलिस और सरकार पर मदद न करने के आरोप लगाए। आशुतोष ब्रह्मचारी का कहना है कि पुलिस ने अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। हम कोर्ट कैसे जाएंगे, जब हमारे बटुकों की कोई सुरक्षा ही नहीं है। पुलिस, सरकार सिर्फ अविमुक्तेश्वरानंद का पक्ष ले रही है। बटुकों के साथ अन्याय हो रहा है

बटुक यौन शोषण मामले को लेकर एक नया मोड़ सामने आया है। इस केस में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर गंभीर आरोप लगाने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी ने खुद पीछे हटने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने पुलिस और सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें न्याय की उम्मीद अब लगभग खत्म होती नजर आ रही है।

आशुतोष ब्रह्मचारी का कहना है कि इस मामले में शुरुआत से ही उन्हें सहयोग नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने पहले एफआईआर दर्ज करने में ही देरी की और जब कोर्ट के निर्देश पर मामला दर्ज हुआ, तब भी आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका दावा है कि आरोपी अविमुक्तेश्वरानंद को बचाने की कोशिश की गई, जिससे उन्हें अदालतों में राहत लेने का पर्याप्त समय मिल गया।

- उन्होंने कहा कि उनके पास न तो बड़े वकील हैं और न ही इतना पैसा कि वे लंबी कानूनी लड़ाई लड़ सकें। दूसरी तरफ आरोपी के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि हम कोर्ट कैसे जाएं, जब हमारे बटुकों की सुरक्षा तक सुनिश्चित नहीं है। उनका कहना है कि उन्होंने सभी सबूत संबंधित एजेंसियों को सौंप दिए हैं और यह मामला पॉक्सो कानून के तहत आता है, फिर भी कार्रवाई में सुस्ती समझ से परे है।
- आशुतोष ब्रह्मचारी ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस, सरकार और यहां तक कि न्यायिक प्रक्रिया भी आरोपी के पक्ष में झुकी हुई नजर आती है। उनके मुताबिक, इस पूरे घटनाक्रम में पीड़ित बटुकों के साथ न्याय नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी कोई मदद नहीं कर रहा है, और बटुकों के साथ अन्याय हो रहा है।

### ईरान-इजराइल जंग, पाकिस्तान में 23 लोगों की मौत

# जम्मू-कश्मीर में कर्फ्यू जैसी पाबंदियां

### मोदी ने यूएई प्रेसिडेंट और इजरायल पीएम से बात की

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में खामेनेई की मौत के विरोध में रविवार को हंगामा हुआ था। घुसपैठ करने वाले प्रदर्शनकारियों पर दूतावास के अंदर से गोलियां चलाई गई थीं। अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। 10 से ज्यादा घायल हैं। हंगामा इमामिया छात्र संगठन ने किया था।

भारत के भी शहरों में खामेनेई की मौत के विरोध शिया समुदाय ने सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया था। जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में आज कर्फ्यू जैसे हालात हैं। श्रीनगर के लालचौक पर बैरिकेडिंग की गई है। एक्स्ट्रा फोर्स भी तैनात किया गया। इंटरनेट भी डाउन किया गया है।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच लगातार दो दिन से जंग और मिडिल ईस्ट के देशों में फंसे भारतीयों और भारत में सुरक्षा को लेकर पीएम मोदी के आवास पर रविवार रात



करीब 9.30 बजे सुरक्षा समिति की बैठक हुई थी। इसमें शाह, राजनाथ, सीडीएस चौहान, वित्तमंत्री भी शामिल थीं।

मीटिंग में वेस्ट एशिया में रहने वाले भारतीयों और वहां फंसे लोगों की सुरक्षा, हालात बिगड़ने पर उससे कैसे निपटा जाए, इस पर चर्चा हुई। फिलहाल वेस्ट एशिया का एयरस्पेस लगभग बंद है। पीएम ने एक्स पोस्ट में बताया कि उन्होंने यूएई प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की।

## होली पर एमपी में दो दिन सरकारी छुट्टी

### अब 3 और 4 मार्च को रहेगा अवकाश

ब्रह्मास्त्र » भोपाल

मध्य प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों और नागरिकों के लिए होली के त्योहार पर एक अच्छी खबर है। राज्य शासन ने होली के उपलक्ष्य में छुट्टियों की सूची में संशोधन करते हुए अब 4 मार्च को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है।

मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव दिनेश कुमार मौर्य ने संशोधित आदेश जारी किया है। अब होली पर दो दिन की छुट्टी रहेगी। राज्य शासन ने होली के उपलक्ष्य में छुट्टियों की सूची में संशोधन करते हुए अब 4 मार्च 2026 को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है।

**03 मार्च (मंगलवार):** होली के पावन पर्व पर पहले से ही सार्वजनिक और सामान्य अवकाश घोषित है।

**04 मार्च (बुधवार):** राज्य शासन ने अब इस दिन भी 'निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881' के तहत सार्वजनिक और सामान्य अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया है।

# यूट्यूबर सलीम पर हमला करने वाला आरोपी एनकाउंटर में ढेर, योगी ने दी थी चेतावनी

ब्रह्मास्त्र » गाजियाबाद

गाजियाबाद के लोनी में यूट्यूबर सलीम पर हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। एनकाउंटर के दौरान जीशान नाम के आरोपी को दो गोलियां लगीं, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जीशान अमरोहा का रहने वाला है। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है और मामले की आगे जांच की जा रही है।

गाजियाबाद के लोनी में यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने हमले के मुख्य आरोपी जीशान को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, एनकाउंटर के दौरान जीशान को दो गोलियां लगीं। उसे घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जीशान अमरोहा का रहने वाला था।



यह मुठभेड़ लोनी इलाके में हुई। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया और पूरे मामले की जांच जारी है। इससे एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सलीम पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का बयान दिया था। इसके अगले ही दिन आरोपी एनकाउंटर में मारा गया।

गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह बाइक सवार दो हमलावर सलीम के दफ्तर में घुसे थे और उन्होंने चाकू से गर्दन और पेट पर ताबड़तोड़ वार किए थे। गंभीर रूप से घायल सलीम को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और बाद में दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार उनकी गर्दन का ऑपरेशन किया जा चुका है और एक अन्य सर्जरी होनी है।



## खबर एक नजर...

### चालक ने लापरवाही पूर्वक खड़ी की थी बोलेरो पिकअप

**उज्जैन।** 26 फरवरी की रात गरोठ मार्ग पर ग्राम जयरामपुरा में रहने वाले पूर्व सरपंच राकेश पिता जयराम परमार 45 साल की कार रास्ते में खड़ी बोलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 14 जीसी 2660 से टकरा गई थी। हादसे में राकेश परमार की मौत होना सामने आया था। पानबिहार चौकी पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। इस दौरान सामने आया कि बीच रास्ते में खड़ी बोलेरो पिकअप को चालक ने खराब होने पर लापरवाही पूर्वक बीच रास्ते में खड़ा कर दिया था। मार्ग पर अंधेरा होने के बाद भी उसने पार्किंग लाइट चालू नहीं की थी, ना ही सुरक्षा की दृष्टि से स्टापर लगाये थे। चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि पिकअप चालक की लापरवाही से हुई पूर्व सरपंच मौत होन पर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 (1) में प्रकरण दर्ज किया गया है। बोलेरो पिकअप में कोल्ड्रिंग्स भरी हुई थी। नम्बर के आधार पर चालक की तलाश जारी है।

### औद्योगिक विभाग के अधिकारी की सड़क दुर्घटना में मौत

**उज्जैन।** सड़क दुर्घटना में घायल औद्योगिक विभाग के अधिकारी की 3 दिनों तक चले उपचार के बाद रविवार तड़के मौत हो गई। दुर्घटना शाजापुर से तराना लौटते समय होना सामने आया था। तराना के बडसिम्बा में रहने वाला सुरेन्द्र पिता मोहनलाल मालवीय 30 साल की पिछले वर्ष औद्योगिक विभाग शाजापुर में पोस्टिंग हुई थी। वह बाइक से डेली अपडाउन करता था। गुरूवार देर शाम बाइक से लौटते वक्त ग्राम करंज के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गया था और सड़क किनारे खंती में जा गिरा था। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने उसे घायल हालत में देख पुलिस को सूचना दी थी। सुरेन्द्र मालवीय को तराना अस्पताल से परिजन उपचार के लिये उज्जैन निजी अस्पताल ले आये थे। जहां उपचार के दौरान रविवार तड़के मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि सुरेन्द्र अधिकारी के पद पर शाजापुर में पदस्थ हुआ था। उसके पिता पटवारी है और भाई ग्राम बडसिम्बा का सरपंच है। नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग डायरी जांच के लिये तराना पुलिस को सौंपने की बात कहीं है। आशंका जताई जा रही है कि दुर्घटना या तो अज्ञात वाहन से हुई है या फिर नीलगाय से टकराने पर घटनाक्रम हुआ था। जिसका खुलासा पुलिस जांच के बाद हो पायेगा।

### होली के लिए आज से 3 दिन पुलिस की तैनाती



**उज्जैन।** होली और धुलेंडी पर्व को लेकर पुलिस के शहर में इंतजाम 2 मार्च की शाम से ही रहेंगे। एसपी प्रदीप शर्मा ने तीन दिन के लिए पूरे शहर में पुलिस फोर्स की तैनाती का शेड्यूल बनवाया है और मुख्य मार्गों पर जिगजेग भी बनेंगे, जिससे वाहनों की स्पीड कम की जा सके। हुड़दंग बाजों को जेल भेजेंगे। रंगों के पर्व को लेकर सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल 24 घंटे तैनात रहेगा। जहां होलिका दहन बड़े स्तर पर किया जाता है उन आयोजकों को कहा है कि वे कैमरे लगवाए अथवा आसपास सीसीटीवी हो तो चैक कराए, जो चालू हो। पुलिस ने आयोजकों की भी जिम्मेदारी तय कि है कि रात तक वे होलिका पूजन स्थल पर रहे। पुलिस को मुख्य मार्ग पर संदिग्ध और नशा करने वालों को पकड़ने के लिए विशेष तौर पर निर्देश दिए हैं।

### लौट आई गुजरात से श्रद्धालु दंपत्ती

# महाकाल के रागी लड्डू प्रसाद की गुणवत्ता पर फिर उठाए सवाल, उज्जैन में हमारी सुनवाई नहीं हो रही

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कुछ दिनों पूर्व गुजरात की दंपत्ति महाकाल मंदिर के प्रसाद की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे, बात को भ्रामक बताकर रफा-दफा कर दिया गया था। लेकिन गुजरात की वही दंपत्ती फिर उज्जैन लौट आई है और अपनी बात पर कायम है।

श्री महाकाल मंदिर में मिलने वाला लड्डू प्रसाद अपने स्वाद और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है। दीपावली से जारी हुआ रागी के लड्डू का प्रसाद स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित हो रहा है लेकिन इसके बिल्कुल विपरीत गुजरात की एक दंपति इसी भी है जो श्री महाकाल मंदिर में मिलने वाले रागी के लड्डू वाले प्रसाद की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठा रही है। दैनिक ब्रह्मास्त्र कार्यालय पहुंचकर गुजरात के अजय हसमुख भाई रनपरिया दंपत्ति ने बताया कि हमने महाकाल मंदिर के रागी का प्रसाद लिया था जिसके सेवन के बाद मेरी बेटी की तबियत बिगड़ गई थी जिसकी शिकायत महाकाल मंदिर समिति को की थी लेकिन उन्होंने गलती स्वीकारते हुए हमको समझा बुझाकर वापस भेज दिया था।





गुजरात की दंपत्ती का कहना है कि इस पर ठोस कार्रवाई होना चाहिए थी। हमारी श्री महाकाल बाबा पर पूर्ण श्रद्धा है लेकिन रागी के लड्डू की गुणवत्ता ठीक नहीं थी जिसके खाने के बाद हमारी बेटी गंभीर रूप से बीमार हुई थी। अगर हमारी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया तो हम हर स्तर पर जाकर आवाज उठाएंगे। उज्जैन में हमारी सुनवाई नहीं हो रही है कोई हमारी बात को गंभीरता से नहीं ले रहा है। हमारी बेटी केके तरह किसी से स्वस्थ पर बात नहीं आना चाहिए इसलिए हम इस प्रसाद पर प्रतिबन्ध लगाना चाहते हैं, इसके लिए हम हर तरह कोशिश करेंगे।

### समाजसेवी ने हमारी बात उठाई थी

- गुजरात की दंपत्ती का कहना है समाजसेवी रोशन यादव ने हमारी बात को रील के माध्यम से उठाई थी लेकिन हमको पता चला उनकी बात को भी दबा दिया गया, समाजसेवी रोशन यादव ने ब्लड बैंक के माध्यम से कई लोगों की मदद की है और उनकी जान बचाई है।
- अब हम मीडिया से मदद मांग रहे है कानून का रास्ता भी आजमाएंगे और ऊपर तक बात ले जायेंगे। जैसा मेरी बेटी के साथ हुआ ऐसा किसी और के साथ नहीं होना चाहिए।
- उल्लेखनीय है कि महाकाल मंदिर समिति ने श्री अन्न मिशनके तहत रागी लड्डू को महाकाल मंदिर के प्रसाद में शामिल करने का निर्णय लिया है। रागी जिसे श्री अन्न भी कहा जाता है। फायबर, केल्शियम और आयरन से भरपूर रागी के लड्डू ब्लड प्रेशर, शुगर और एनिमिया जैसी बीमारियों से बचाव करता है। उसके बावजूद गुजरात की दंपत्ति का रागी के लड्डू प्रसाद की गुणवत्ता पर उठाये जाने वाले आपत्ति के दावे की दैनिक ब्रह्मास्त्र पुष्टि नहीं करता है।

# 1 लाख मीट्रिक टन कचरा हटाया

## उद्यान सेल्फी पाइंट बनेंगे, एमआर-5 पर 12 साल से जमा हो रहा था कचरा, 100% सेग्रीगेशन करने पर निगम का जोर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने शहर में सफाई और कचरा प्रबंधन को और प्रभावी बनाने की तैयारी तेज कर दी है।

एमआर 5 स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड से 12 साल पुराना 1 लाख मीट्रिक टन से अधिक कचरे का निपटारन आखिरकार पूरा कर दिया है। बायो-मैथनिंग प्रक्रिया से कचरा हटाते हुए रिसाइकल कर मिट्टी, सीएंडडी बेस्ट और आरडीएफ जैसे उत्पाद तैयार किए गए।



कचरा हटने के बाद अब यह क्षेत्र साफ-सुथरा दिखाई दे रहा है और जल्द ही यहां उद्यान और सेल्फी पाइंट तैयार किए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि इस योजना पर कार्य कर रहे हैं कि भविष्य में कचरा जमा न हो। 100 प्रतिशत सेग्रीगेशन पर जोर दिया जा रहा है।

एमआर 5 और गऊघाट पर कचरा अलग-अलग कलेक्ट किया जा रहा है। यदि किसी वाहन से मिलाजुला कचरा आता है तो तुरंत सुधार कर उसे ही आगे भेजा जा रहा है।

ट्रांसफर स्टेशन और ट्रेंचिंग ग्राउंड पर सख्त निगरानी निगम ने ट्रांसफर स्टेशन और ट्रेंचिंग ग्राउंड पर नियमित निरीक्षण का भी प्रबंध किया है। यदि किसी वाहन पर मिलाजुला कचरा आता है, तो तुरंत सुधार करवाया जा रहा है और कचरा तभी उठाया जा रहा, जब वह पूरी तरह से सेग्रीगेट हो।

# 1 साल बाद भी जनता के लिए नहीं खोला हेरिटेज सामुदायिक भवन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मोतीनगर इंदौर रोड पर शहर का पहला हेरिटेज सामुदायिक भवन फरवरी 2025 में लोकार्पित हुआ था, लेकिन आज तक जनता इसका लाभ नहीं ले पा रही है। 4 करोड़ 48 लाख से तैयार भवन अत्याधुनिक सुविधाओं और हेरिटेज शैली के डिजाइन के साथ बना जिसे नगर निगम ने आयोजनों और सामुदायिक गतिविधियों के लिए खोलने का वादा किया था।

निगम ने घोषणा की थी कि भवन अन्य सामुदायिक भवनों की तरह कम शुल्क पर बुक किया जा सकेगा। एक साल बाद भी केवल निगम का ही एक कार्यक्रम आयोजित हुआ है और अब तक कोई सार्वजनिक बुकिंग शुरू नहीं हुई। न ही संचालन के लिए कोई ठोस योजना सामने आई है, जिससे जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा। अधिकारी और जनप्रतिनिधि मामले में चुप्पी साधे हुए हैं।

निर्देश के बाद भी अटका संचालन



रहवासी अंशु गोपाल अग्रवाल ने बताया कि अब तक संचालन के लिए कोई प्रस्ताव नहीं आया।

हालांकि महापौर मुकेश टटवाल ने तीन माह पहले कहा था कि तत्कालीन निगम आयुक्त आशीष पाठक को संचालन शुरू करने का निर्देश दिया था। अब नए आयुक्त से बात कर संचालन शुरू करवाएंगे। बावजूद इसके भवन अभी भी जनता के लिए नहीं खुला है। आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने कहा कि मामले का संज्ञान लेकर जल्द समाधान किया जाएगा।

# पुलिस ने 3 साल में लौटाए 4 करोड़ के मोबाइल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन पुलिस ने होली से पहले एक विशेष अभियान के तहत 406 गुम मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटाए। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत 73 लाख 30 हजार रुपये है। साइबर टीम ने तकनीकी निगरानी के माध्यम से इन्हें ट्रैक कर बरामद किया।



**होली से पहले 406 गुम फोन मालिकों को सौंपे**

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान रविवार को चलाया गया। जिले में मोबाइल गुम होने की बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर आईटी सेल और साइबर टीम ने लगातार तकनीकी निगरानी की। इस दौरान 406 गुम मोबाइल फोन ट्रैक कर बरामद किए गए और उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए।

बरामद किए गए मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 73 लाख 30 हजार रुपये है। इनमें से कई फोन दूसरे जिलों और राज्य के बाहर भी सक्रिय पाए गए थे। पुलिस ने तकनीकी माध्यमों का उपयोग कर उनकी लोकेशन ट्रेस की और उन्हें सुरक्षित वापस लाया। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

पिछले तीन वर्षों में उज्जैन पुलिस ने कुल 2038 गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 4 करोड़ 7 लाख 45 हजार रुपये है।

### बरामद किए गए मोबाइलों का विवरण

**2023:** 235 मोबाइल (58.75 लाख रुपए)
**2024:** 445 मोबाइल (92.05 लाख रुपए लगभग)
**2025:** 952 मोबाइल (1.81 करोड़ रुपए लगभग)
**2026:** 406 मोबाइल (73.30 लाख रुपए लगभग)

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा, ताकि गुम हुए मोबाइल जल्द से जल्द उनके असली मालिकों तक पहुंचाए जा सकें।

### पुलिस ने महत्वपूर्ण सुझाव भी जारी किए

- मोबाइल गुम होने पर तुरंत संबंधित सिम ऑपरेटर से सिम डि-एक्टिवेट करवाकर नया सिम जारी करवाएं।
- भारत सरकार के उएक्क्रपोर्टल पर तत्काल रिपोर्ट दर्ज करें।
- शर्ट की ऊपरी जेब या पेंट/जींस की पिछली जेब में मोबाइल रखने से बचें।
- मोबाइल गुम होने पर सभी लॉग-इन अकाउंट तुरंत लॉगआउट करें।
- मोबाइल में सुरक्षित लॉक/पैटर्न लॉक अवश्य रखें।
- फाइंड माय डिवाइस विकल्प को हमेशा सक्रिय रखें।

उज्जैन
सोमवार
02
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

अन्यस्थाने कृतं पापं धर्मस्थाने विमुच्यते।
धर्मस्थाने कृतं पापं वज्रलेपो भविष्यति।।

**अर्थः** धर्मस्थान में अन्यत्र किए पापों से मुक्ति मिलती है, लेकिन धर्मस्थान में किए गए पाप बिजली बन जाते हैं।

## खबर एक नजर...

### डॉक्टर के घर लाखों की चोरी, बांक टाडा से खाली हाथ लौटी पलासिया पुलिस

**इंदौर।** इंदौर के पलासिया थाना क्षेत्र में हुई डॉक्टर के घर लाखों की चोरी अब एक सुनियोजित गैंग की साजिश लग रही है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात में बदमाशों ने पहले रेकी की, फिर सूने फ्लैट को टारगेट कर कुछ ही मिनटों में पूरा घर खंगाल दिया। पूरी घटना उउळश में कैद है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस अभी तक आरोपियों की पहचान नहीं कर पाई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि बदमाशों को पहले से पता था कि फ्लैट में कोई मौजूद नहीं है। 25 फरवरी की दोपहर आश्रय अपार्टमेंट, मनोरमागंज स्थित फ्लैट नंबर 205 का ताला तोड़कर तीन आरोपी अंदर घुसे और सीधे अलमारी व कीमती सामान तक पहुंचे। इससे साफ है कि उन्हें घर की संरचना और सामान की लोकेशन की जानकारी थी। बदमाश अपने साथ आईफोन, सोने की चेन, झुमके, इयररिंग, ब्रेसलेट, लटकन, मोती का सेट, चूड़ियां, लक्ष्मीजी की सोने की मूर्ति और नगदी समेत लाखों का माल लेकर फरार हो गए। वारदात इतनी तेजी से की गई कि आसपास के लोगों को भनक तक नहीं लगी।

### इंदौर में कार का कांच तोड़कर चोरी, दो गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर की खजराना पुलिस ने 48 घंटे के भीतर चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया। मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि साजिश में शामिल आरोपी की सगी बहन की भूमिका भी सामने आई है। खास बात यह रही कि महिला आरोपी पुलिस को गुमराह करने के लिए फरियादी के साथ थाने पहुंची थी। पुलिस के मुताबिक, 24 फरवरी 2026 की रात फरियादी विशाल पुत्र ओमप्रकाश, निवासी छोटा बांगड़दा ने अपनी कार दर्शनी होटल राधिका पैलेस के पास खड़ी की थी। देर रात स्कूटी सवार दो बदमाशों ने कार का कांच तोड़कर अंदर रखी नकदी चोरी कर ली। 27 फरवरी को शिकायत मिलने पर खजराना थाने में धारा 305(बी) और 324(4) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। टीआई मनोज सेंधव ने मामले में दो टीमें बनाई थी। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए तो आरोपी स्टार चौराहे के पास स्कीम नंबर-134 में खड़े दिखाई दिए। घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया गया।

### मशीन ने ली 20 साल के मजदूर की जान:सुरक्षा के बिना काम करवाया

**इंदौर।** भंवरकुआ थाना क्षेत्र के नेमावर रोड स्थित वेयरहाउस में काम कर रहे 20 साल के मजदूर की सीएनसी मशीन में फंसने से दर्दनाक मौत हो गई। मामले में पुलिस शनिवार को फैक्ट्री मालिक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मृतक लखन अहिरवार (20) निवासी सतरवास, जिला ललितपुर (उप्र) हाल बाबूलाल नगर, पालदा इंदौर में रहकर काम करता था। घटना 3 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 2:10 बजे पितरेश्वर वेयर हाउस, पालदा में हुई। उसे मृत अवस्था में ही एमवायएच लेकर आया गया था। लखन वेयरहाउस में लगी लेजर कटिंग (सीएनसी) मशीन ऑपरेट कर रहा था। इसी दौरान वह मशीन और उसके पिलर के बीच फंस गया। हादसा इतना गंभीर था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मजदूर को काम के दौरान जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए थे। मामले में फैक्ट्री संचालक नरेन्द्र जैन (60) निवासी वैभव नगर, कनाड़िया रोड के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस 2023 के तहत केस दर्ज किया है। नरेश मैकेनिकल वर्क्स के नाम से संचालित होती है।

## सरकारी जमीन मुक्त : मस्जिद के नाम पर अवैध निर्माण...

# एमवायएच के पीछे 25 हजार वर्गफीट कब्जा हटाया

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

एमवायएच के पीछे और सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के पास मस्जिद के नाम पर किए गए अवैध निर्माण को प्रशासन ने शनिवार को तोड़ दिया। करीब 25 हजार वर्गफीट शासकीय जमीन कब्जे से मुक्त करवाई। डेढ़ घंटे चली कार्रवाई में बाउंड्रीवॉल, कॉमन टॉयलेट, हॉल के आगे का हिस्सा और गार्डन एरिया जेसीबी से हटाया गया।

सुबह 7.30 बजे एसडीएम घनश्याम धनगर, तहसीलदार कमलेश कुशवाह, एडिशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्रा, एसीपी तुषार सिंह, निगम जेडओ गीतेश तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दो पोकलेन, तीन जेसीबी, 100 निगमकर्मी व 100 से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद थे।



कुछ लोगों ने विरोध किया, लेकिन समझाइश के बाद कार्रवाई जारी रही। प्रशासन ने हॉल का शेष हिस्सा मस्जिद कमेटी को 7 दिन में हटाने के निर्देश दिए। कार्रवाई तहसीलदार कोर्ट के आदेश पर की गई, जिसमें 300 वर्ग फीट मस्जिद छोड़ अन्य निर्माण को अवैध माना गया था।

### 100 निगमकर्मी और 100 से ज्यादा पुलिस बल तैनात

तहसीलदार कोर्ट में दावे खारिज सरकारी जमीन पर अतिक्रमण मामले में तहसीलदार कोर्ट ने वक्फ बोर्ड व मस्जिद प्रबंधन के दावों को खारिज कर दिया था। तहसीलदार कमलेश कुशवाह ने आदेश में कहा कि 1985 में केवल 300 वर्ग फीट निर्माण की अनुमति थी, जबकि बाद में करीब 30 हजार वर्ग फीट तक विस्तार कर लिया गया। नजूल रिकॉर्ड में शासकीय भूमि दर्ज एसडीएम घनश्याम धनगर के अनुसार जमीन जूनी इंदौर तहसील के सीआरपी लाइन क्षेत्र स्थित ब्लॉक नंबर 12 (नया सर्वे 38) में है। करीब 0.70 एकड़ भूमि नजूल रिकॉर्ड में शासकीय दर्ज है। यह रेसीडेंसी एरिया के अनसर्वेड हिस्से में आती है। स्थानीय शिकायत पर मामला कोर्ट पहुंचा था। दस्तावेज में मस्जिद शब्द अलग हैंडराइटिंग जांच में सामने आया कि 9 सितंबर 1985 को दी गई अनुमति में मस्जिद का निर्माण केवल 300 वर्ग फीट क्षेत्र में स्वीकृत था।

**300 वर्गफीट की स्वीकृति, 30 हजार वर्ग फीट तक विस्तार मिला**

**7.30 बजे सुबह टीम पहुंची, बाउंड्रीवॉल व अन्य निर्माण हटाए**

# होलिका दहन में करें उपलों और गोकाष्ठ का इस्तेमाल

## इंदौर में लोगों को किया जा रहा प्रोत्साहित; संस्थाओं को दिए जाएंगे प्रशस्ति पत्र

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

राज्य शासन द्वारा इस साल पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संदेश के साथ होली के पावन पर्व को मनाए जाने पर लोगों को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है।

इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि जनसहयोग और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से यह प्रयास किया जाएगा कि होलिका दहन में लकड़ी की जगह उपलों और गोकाष्ठ का प्रयोग किया जाए। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और पानी बचाने के लिए प्राकृतिक व हर्बल रंगों से होली खेलने और पर्यावरण अनुकूल तरीके से होली का उत्सव मनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

शासन के निदेर्शानुसार इंदौर शहर में होलिका दहन में लकड़ी की जगह उपलों और गोकाष्ठ का प्रयोग करने पर संबंधित जोन के जोनल कार्यालय पर निशुल्क पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के समय आयोजक संस्था की संक्षिप्त जानकारी जैसे पदाधिकारी संपर्क नंबर, होलिका दहन स्थल आदि प्राप्त किया जाएगा।



राज्य शासन के निदेर्शानुसार, आगामी दिनों में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें ऐसी सभी संस्थाओं एवं उनके पदाधिकारी को मुख्यमंत्री की ओर से तैयार किया गया पर्यावरण संरक्षण संबंधित प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

निगमायुक्त द्वारा शासन निदेर्शानुसार, होलिका दहन में लकड़ी की जगह उपलों और गोकाष्ठ का प्रयोग तथा स्वच्छ और स्वस्थ होली के इस अभियान का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के संबंध में निगम अधिकारियों को निगम स्तर से किए जाने वाले कामों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## छात्र के डीपफेक वीडियो मामला

# टेक्निकल एविडेंस कलेक्ट करने में लगी क्राइम ब्रांच, अगले हफ्ते हो सकती है छापेमारी

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर में 10वीं क्लास के स्टूडेंट का डीपफेक वीडियो बनाकर परिवार से 1 लाख से ज्यादा ठगने के मामले में क्राइम ब्रांच टेक्निकल एविडेंस कलेक्ट कर रही है। क्राइम ब्रांच की टीम को मामले में कई जानकारी और सुराग मिले हैं। जिस पर टीम काम कर रही है। संभवाना है कि अगले हफ्ते में टीम अलग-अलग जगह छापेमारी कर सकती है।

दरअसल, इंदौर में 10वीं क्लास के छात्र की स्कूल की छुट्टियां होने पर परिवार ने उसे डांट दिया था। जिसके बाद वह ट्यूशन गया और वापस नहीं लौटा था। बच्चे के वापस नहीं लौटने पर परिवार ने उसके लापता होने की जानकारी, फोटो और कॉटेक्ट नंबर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाल दिया था। बच्चे के लापता होने की शिकायत उन्होंने एमआईजी थाने में भी की थी। इधर, एक बदमाश ने बच्चे के फोटो का इस्तेमाल कर एक फेक वीडियो बनाया और परिवार के लोगों को वीडियो कॉल कर ऐसा बताया की बच्चे को उसने किडनैप कर रखा है। उसने बच्चे को चाकू मारते हुए दिखाया और डिमांड पूरी नहीं होने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जिसके बाद बदमाश ने क्यूआर कोड भेजकर 1 लाख 2 हजार रुपए ठग लिए। अगले दिन जब छात्र ने अपने दोस्त को कॉल कर बताया कि वह सांवरिया सेठ में है। परिवार ने जब उससे बात की तो पता चला कि उसका किडनैप हुआ ही नहीं था। इस पर उन्होंने मामले की शिकायत की थी और क्राइम ब्रांच ने मामले में जांच शुरू की है।

# इंदौर में मांस से भरी गाड़ी पकड़ी, हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं का हंगामा

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के राऊ इलाके में अइ रोड पर रविवार को पुलिस ने मवेशी के मांस से भरी एक गाड़ी पकड़ी है। सूचना मिलते ही मौके पर काफी संख्या में बजरंग दल के लोग जमा हो गए और उन्होंने हंगामा किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर थाने भिजवा दिया।

**पुलिस ने वाहन जब्त किया, ड्राइवर पर एफआईआर**

राऊ पुलिस के मुताबिक पकड़े गए ड्राइवर जमील मांस को चंदन नगर से बंबई बाजार ले जा रहा था। जांच के दौरान उसके पास से केटोमेंट (परिवहन/काटने से संबंधित) की रसीदें भी मिली हैं। हालांकि पुलिस अभी मामले में जांच कर रही है।





सैंपल जांच के लिए बुलाया गया वेटनरी दल मामले की पुष्टि के लिए मांस के सैंपल जांच हेतु वेटनरी डॉक्टरों की टीम को मौके पर बुलाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि मांस किस प्रकार का है और आगे क्या कार्रवाई होगी। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। साथ ही मांस के स्रोत और परिवहन की वैधता को लेकर जांच की जा रही है।

## खबर एक नजर...

### 4 मार्च को निकलेगी श्री चिड़ार समाज की गुलाल गैर, गमी वाले परिवारों के घर पहुंचेगा समाज

**उज्जैन।** श्री चिड़ार समाज द्वारा इस वर्ष 4 मार्च को होली की गुलाल गैर निकाली जाएगी। इस आयोजन में समाज के लोग एक साथ एकत्रित होकर गमी वाले परिवारों पर रंग डालने निकलेंगे। सभी समाजजन मोहन नगर स्थित अम्बे माता मंदिर पर बुधवार सुबह 8.45 बजे एकत्रित होंगे। अम्बे माता मंदिर पर सभी के एकत्रित होने के बाद गैर सबसे पहले नाका नंबर 5 जाएगी। इसके बाद मोहन नगर, ढांचा भवन, सरस्वती नगर, गणेश पूरा, कंचनपुरा, अंजुश्री सहित विभिन्न मार्गो से होते हुए सेठी नगर पहुंचेगी।

### अग्रवाल महिला मंडल की नई कार्यकारिणी गठित, ममता अग्रवाल बनीं अध्यक्ष

**उज्जैन।** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा वर्ष 2026 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में ममता अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया है। इसके साथ ही मीना गर्ग को सचिव और आभा गर्ग को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंडल की वरिष्ठ सदस्य सरोज अग्रवाल और हेमलता गुप्ता ने नई कार्यकारिणी के गठन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई कार्यकारिणी के चयन पर समस्त महिला मंडल के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है और नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### रवि प्रदोष पर कामेश्वर महादेव मंदिर में धूमधाम से मना फाग उत्सव

**उज्जैन।** शिवनगरी उज्जयिनी के रामघाट स्थित प्राचीन 13/84 कामेश्वर महादेव मंदिर में रवि प्रदोष महापर्व के अवसर पर पूरी उमंग और उत्साह के साथ फाग उत्सव मनाया गया। इस पावन अवसर पर महादेव का गन्ने के रस से विशेष रुद्राभिषेक किया गया।

मंदिर की शासकीय पुजारी पूजा अमृतेश त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि रवि प्रदोष पर्व पर आयोजित इस फाग उत्सव में शिव भक्तों ने पूर्ण श्रद्धा और उल्लास के साथ भाग लिया।

वैष्णवाचार्य श्री हरिराय महोदय के सानिध्य में हुए प्रवचन, वर्ष भर की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

# श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर में भव्य फूल फाग महोत्सव संपन्नः सैकड़ों श्रद्धालुओं ने खेली फूलों की होली



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

छोटा सराफा स्थित श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर परिसर में शनिवार शाम भव्य फूल फाग महोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। वैष्णवाचार्य हरिराय के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में उनके प्रवचन हुए। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई और सभी ने उत्साह के साथ फूलों की होली खेली। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी के अनुसार, यह आयोजन श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल, महिला मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर और श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर देवस्थान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। महोत्सव में वर्ष भर आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

आयोजन की व्यवस्थाओं में श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के अध्यक्ष आनंद पुरोहित, सचिव जयेश श्रॉफ व कोषाध्यक्ष मनीष नागर, महिला मंडल की अध्यक्ष नूपुर नीमा, सचिव मनीषा नागर व कोषाध्यक्ष कामिनी शाह, युवा मंडल के अध्यक्ष अमित नागर, सचिव अमर दिसावल व कोषाध्यक्ष नितिन नीमा तथा श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर देवस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश माहेश्वरी, सचिव मंगल प्रसाद भट्ट और कोषाध्यक्ष नवनीत काबरा सक्रिय रहे। समन्वय की जिम्मेदारी राजेंद्र शाह, विशाल नीमा और हेतल शाह ने निभाई।

## होली को लेकर बाजार में रौनक, रंग-गुलाल व पिचकारियों की सजी दुकानें

**उज्जैन।** होली नजदीक आते ही बाजार की रौनक बढ़ गई है। बाजार में खरीदारी को लेकर भीड़ बढ़ गई है। रंग-गुलाल एवं पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। 10 रुपये से 1000 रुपये तक की पिचकारियां विभिन्न डिजाइनों में उपलब्ध है। रंग-गुलाल के साथ ही कई तरह के मुखौटे, टोपी, हैप्पी होली लिखे टी-शर्ट, मैजिक कप, सिलेंडर भी बिक रहे हैं। हर्बल कलर भी उपलब्ध है। स्थायी दुकानों से लेकर फुटपाथ तक पिचकारी एवं मुखौटे की दुकानें लगायी गई है। बच्चों एवं युवाओं में होली को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। 4 मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। होली की खरीदारी को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। शहर की लगभग सभी दुकानों में रंग-गुलाल और पिचकारियों की बिक्री शुरू हो चुकी है।

### नई वैरायटी के पानी के टैंक भी उपलब्ध

कंठाल चौराहे पर सती गेट गणेश मंदिर के समीप गुरुकृपा रंग गुलाल पिचकारी की दुकान लगाने वाले व्यापारी ओमप्रकाश पाटीदार (कायथा वाले) ने बताया कि इस बार गन के साथ पानी के टैंक की कई नई वैरायटी उपलब्ध हैं। छोटे बच्चों के लिए आधे से एक लीटर के टैंक और किशोरों के लिए पांच से आठ लीटर क्षमता वाले टैंक भी बाजार में हैं, जिनसे पानी भरकर लोग आसानी से पिचकारी से रंग फेंक सकते हैं। पानी व प्रेशर टैंक 150 से लेकर 700 तक की कीमत में उपलब्ध है।इसके अलावा, पारंपरिक पिचकारियों और रंगों से भी बाजार सजा हुआ है। व्यापारी ओम प्रकाश पाटीदार ने बताया कि बच्चों के लिए पिचकारी बॉक्स भी इस बार विशेष रूप से उपलब्ध हैं। इनमें पिचकारी के साथ-साथ अलग-अलग रंग-गुलाल भी होते हैं। ये बॉक्स सुपरहीरो, कार्टून और अन्य डिजाइनों में उपलब्ध हैं।

# एलिगेंट क्वींस क्लब नादान परिंदे ने मनाया फाग उत्सव

### 20 किलो हर्बल गुलाल और 15 किलो फूलों से हुआ स्वागत, गेम्स और म्यूजिकल हौजी का भी हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एलिगेंट क्वींस क्लब नादान परिंदे ग्रुप द्वारा 28 फरवरी को फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में लगभग 65 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और होली के पर्व का आनंद उठाया।

### फूलों और हर्बल गुलाल से महका उत्सव

कार्यक्रम संयोजिका आशु नागर और नीलू टकसाली ने बताया कि फाग उत्सव में 20 किलो हर्बल खुशबूदार गुलाल, गुलाल टैंक और गुलाल की पिचकारी का उपयोग कर होली खेली गई। कार्यक्रम में शामिल होने आईं सभी महिलाओं का 15 किलो गुलाब और सफेद फूलों के साथ रंग-बिरंगे चमकीले पेपर बम उड़ाकर भव्य स्वागत किया गया।

### गेम्स और म्यूजिकल हौजी का उठाया आनंद

उत्सव के दौरान महिलाओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के गेम्स और म्यूजिकल हौजी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इनाम भी बांटे गए। कार्यक्रम के अंत में सुस्वादु भोजन व्यवस्था रखी गई, जिसके पश्चात सभी को विदा किया गया।

कार्यक्रम निर्देशिका आशु नागर ने बताया कि इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में ऊषा वर्मा, रुचि चौहान, श्वेता भार्गव, अनिता राजवानी और सोना चौरसिया का विशेष सहयोग रहा।

# नाड़ी परीक्षण शिविर का समापनः 20 साल पुरानी संग्रहणी की बीमारी भी हुई ठीक

### बिना रिपोर्ट केवल नाड़ी देखकर हो रहा सटीक निदान, महाकाल दर्शन कर प्रस्थान करेंगे वैद्य।

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्षीरसागर गेट स्थित प्रकाश टॉकीज की गली के पास जायसवाल धर्मशाला में चल रहे निशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। शिविर में आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के चमत्कारिक परिणाम सामने आए हैं, जहां कई गंभीर और असाध्य रोगों का इलाज किया गया।

शिविर में इलाज कराने आए 70 वर्षीय मुन्नालाल कैथवास ने अपना अनुभव साझा किया। उज्जैन निवासी मुन्नालाल पिछले 20-25 सालों से संग्रहणी की समस्या से परेशान थे और अन्य डॉक्टरों पर लगभग 60 हजार रुपये खर्च कर चुके थे, फिर भी उन्हें



कोई समाधान नहीं मिला था। उन्होंने बताया कि वैद्य संतोष आनंद जायसवाल ने उन्हें काली मिर्च के आकार की एक गोली दी और उसके छह टुकड़े करके खाने को कहा। मुन्नालाल के अनुसार, केवल दो टुकड़े खाने के बाद ही उनकी स्थिति 100 प्रतिशत सामान्य हो गई है।

वैद्य संतोष आनंद जायसवाल ने बताया कि एलोपैथी में इस बीमारी को अमीबियासिस कहा जाता है, जिसमें व्यक्ति को सफेद आंव पड़ती है और वह दिन में कई बार शौच के लिए जाता है। इसमें मरीज को कुछ भी खाने-पीने के बाद तुरंत शौच के लिए भागना पड़ता है। इसका इलाज अक्सर बहुत मुश्किल होता है, लेकिन आयुर्वेद में इसका पूर्ण समाधान संभव है।

वैद्य संतोष आनंद जायसवाल शिविर समापन के बाद आज महाकालेश्वर के दर्शन करने के पश्चात यहां से प्रस्थान करेंगे। मरीजों की सुविधा के लिए, संस्था द्वारा मध्य प्रदेश के 5 प्रमुख शहरों में प्रतिमाह निशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर लगाए जाएंगे। इसके तहत ग्वालियर में 1 से 5 तारीख तक, जबलपुर में 6 से 14 तारीख तक, भोपाल में 15 से 19 तारीख तक, उज्जैन के क्षीरसागर स्थित जायसवाल धर्मशाला में 20 से 24 तारीख तक और इंदौर में 25 से 30 तारीख तक शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में वैद्य संतोष आनंद जायसवाल बिना किसी जांच रिपोर्ट के केवल नाड़ी देखकर रोगों का सटीक निदान करेंगे।

# राठौर क्षत्रिय समाज महिला मंडल ने हर्षोल्लास के साथ मनाया फाग महोत्सव

### फूलों और गुलाल से खेली होली, भजनों पर झूमकर दी एक-दूसरे को शुभकामनाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

होलिका दहन से पहले ही प्रदेश की धार्मिक राजधानी उज्जैन रंगों में सराबोर नजर आ रही है। शहर के प्रमुख मंदिरों में फाग उत्सव शुरू हो चुका है और गुलाल एवं फूलों से जमकर होली खेली जा रही है। मंदिरों के साथ ही विभिन्न समाजों में भी रविवार को भक्त रंगों में सराबोर नजर आए। इसी कड़ी में राठौर क्षत्रिय समाज द्वारा भव्य फाग महोत्सव का आयोजन किया गया।



हर वर्ष बसंत पंचमी के बाद फाल्गुन मास की शुरुआत होती है, जिसे भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित माना जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने राधा और गोपियों के साथ होली खेलकर रासलीला की थी, तभी से फाग महोत्सव की परंपरा चली आ रही है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठौर के मार्गदर्शन एवं महिला मंडल की समाज अध्यक्ष निर्मला चौहान के नेतृत्व में कार्तिक चौक स्थित समाज धर्मशाला में फाग महोत्सव आयोजित किया गया।

### भक्ति, संगीत और रंगों का अद्भुत संगम

आयोजन में भक्ति, संगीत और रंगों का अद्भुत संगम देखने को मिला। संगीतमय भजनों के बीच समाज की महिलाओं ने राधा-कृष्ण की आराधना की और भगवान के चरणों में आस्था अर्पित करते हुए जमकर फूल और गुलाल उड़ाया। फूलों की होली से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सभी ने फाग का आनंद लिया और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। महोत्सव का समापन भगवान लड्डू गोपाल की आरती के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित जनों ने आरती कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठौर, सचिव धर्मेंद्र मगरवा, मनोहर लाल राठौर, तेज कुमार राठौर, शिवनारायण राठौर, मदन लाल राठौर, युवा अध्यक्ष दीपक राठौर, आशीष राठौर, जितेंद्र राठौर, नगर अध्यक्ष विजय राठौर, राजेंद्र परमार, संतोष राठौर, अरुण राठौर, सत्यनारायण राठौर और दीपक राठौर उपस्थित थे। वहीं महिला मंडल से सुशीला राठौर, शारदा राठौर, संतोष राठौर, अनीता राठौर, पार्वती राठौर, ब्रजबाला गहलोत, अनुराधा राठौर, राजू भाई राठौड़, सुनीता राठौर, कविता राठौर, किरण राठौर, मधु राठौर, सुनीता राठौर, दाखाबाई राठौर, सीमा राठौर, लता राठौर, भावना राठौर, पिंकी राठौर, माधुरी राठौर, भारती राठौर, नीतू राठौर, उषा राठौर, पूर्णिमा राठौर और मीना राठौर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### महाकाल की शरण में अभिनेत्री निशा पारीक, भस्म आरती में शामिल होकर हुईं भाव-विभोर

**उज्जैन:** अभिनेत्री निशा पारीक ने हाल ही में महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन किए और भक्ति में लीन होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। निशा पहले भी महाकाल के दरबार में आती रही हैं, लेकिन इस बार का अनुभव उनके लिए अत्यंत भावुक और आध्यात्मिक रहा। पहली बार भस्म आरती में सम्मिलित होकर निशा पारीक भाव-विभोर हो उठीं। अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा, ₹भस्म आरती केवल एक पूजा नहीं, बल्कि आत्मा को झकझोर देने वाला अनुभव है। जैसे ही भगवान के नाम का उच्चारण होता है, मन स्वतः ही उनके चरणों में झुक जाता है।₹ उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि जो भी महाकाल के दर्शन के लिए आता है, उसे एक बार भस्म आरती का अनुभव अवश्य करना चाहिए, क्योंकि यह अनुभव इंसान को अंदर से बदल देता है। निशा मानती हैं कि उनके जीवन और करियर में जो भी अच्छे कार्य हुए हैं, वे सब महाकाल की कृपा से ही संभव हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने अब तक के काम को अपना सौभाग्य मानती हैं और आगे आने वाले हर अच्छे कार्य के लिए आशीर्वाद लेने आई हैं। मंदिर के पवित्र वातावरण, व्यवस्था और पंडितों के मार्गदर्शन की उन्होंने जमकर सराहना की। इस दौरान निशा ने राघव गुरु से भी भेंट कर उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया। अभिनय के क्षेत्र में निशा पारीक एक जाना-पहचाना नाम हैं और उन्होंने कई धारावाहिकों में काम किया है। हाल ही में उनका नया म्यूजिक एल्बम 'कर ले प्यार हम दोनों' रिलीज हुआ है। वर्तमान में वे अपने कई आगामी प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं।

### सिंधी समाज उज्जैन ने होली पर 50 जरूरतमंद परिवारों को बांटी खुशियां

**उज्जैन।** सिंधी समाज उज्जैन द्वारा होली पर्व के पावन अवसर पर सामाजिक सरोकार की प्रेरणादायी मिसाल पेश करते हुए शहर के 50 जरूरतमंद परिवारों को होली की शुभकामनाएं प्रेषित की गईं तथा उन्हें गुलाल, सिंधी मिष्ठान, घेवर, नमकीन एवं विभिन्न खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल त्योहार मनाना नहीं, बल्कि समाज के उन वर्गों तक खुशियों की सौगात पहुंचाना था जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इस पहल के माध्यम से समाज ने यह संदेश दिया कि सच्ची होली वही है, जिसमें हर घर में रंग, मिठास और मुस्कान पहुंचे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनों ने कहा कि सिंधी समाज सदैव सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना के साथ कार्य करता आया है। होली जैसे पावन पर्व पर जरूरतमंद परिवारों के साथ खुशियां साझा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। समाज आगे भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर करता रहेगा। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष जितेंद्र कृपलानी , संतोष लालवानी, गिरधारी लालवानी, नरेंद्र सबनानी, जेठानंद जयसिंघानी, नानक उतमानी, मुरली रोचवानी, रमेश आहूजा, नंदलाल खानचंदानी, अशोक उत्तमानी, मंगाराम रोचवानी सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे

# रामघाट पर उल्लास के साथ मना फाग उत्सव: 151 ब्राह्मणों ने की शिप्रा की आराधना, 101 बटुकों ने किया मंत्र जाप

### अवंतिका महाकाल युवा तीर्थ पुरोहित समिति के आयोजन में हुआ मां शिप्रा का 16 श्रृंगार, रंगों और फूलों से खेली गई होली।

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



रामघाट पर मां शिप्रा के आंगन में अवंतिका महाकाल युवा तीर्थ पुरोहित समिति द्वारा फाग उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पिछले 20 वर्षों से निरंतर चल रहे इस आयोजन में बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों और नागरिकों ने मां शिप्रा के साथ रंग, गुलाल और अनेक तरह के फूलों से होली खेली। इस अवसर पर समिति की ओर से सभी देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के मंगल, विश्व कल्याण और सनातन धर्म की जय की कामना की गई।

समिति अध्यक्ष अजय जोशी कुंड वाला गुरु और समस्त सदस्यों के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आगामी सिंहस्थ के लिए भी एक बड़ा संकल्प लिया गया। उत्सव के दौरान 101 बटुकों द्वारा वैदिक मंत्र जाप किया गया तथा 151 ब्राह्मणों ने मां शिप्रा की विशेष आराधना की। शिप्रा का दूध से अभिषेक कर 16 श्रृंगार किया गया और उन्हें चुनरी ओढ़ाई गई। अनुष्ठान के पश्चात महाआरती संपन्न कर धर्म लाभ लिया गया।

उपाध्यक्ष सोनल जोशी के आतिथ्य में रामघाट पर श्रद्धालुओं के लिए गर्म जल सेवा प्रारंभ की गई। तिल भर बड़ी होने के विशेष महत्व और मकर संक्रांति की तर्ज पर परंपरा का निर्वहन करते हुए तिल के लड्डू और खिचड़ी बांटी गई। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को गन्ने का रस और समोसे का प्रसाद भी वितरित किया गया। समिति ने इस अवसर पर यह संकल्प लिया कि आगामी सिंहस्थ में आने वाले सभी तीर्थयात्रियों के लिए रामघाट पर निःशुल्क जल और अल्पाहार की व्यवस्था संस्था की ओर से की जाएगी। आयोजन में संतों, जनप्रतिनिधियों और समाजजनों ने बड़ी संख्या में शिप्रा पूजन कर पुण्य लाभ लिया। संतों-महंतों में अर्जी वाले हनुमान पीठाधीश प्रेमानंद, स्वामी कृष्ण गिरी, कमलेश, हरि नारायण स्वामी, ज्योतिगिरी, मनीष और प्रदीप पांडे उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं में नगर महामंत्री जगदीश पांचाल, नगर उपाध्यक्ष सोनल जोशी, पार्षद अर्पित दुबे, मंडल महामंत्री आशीष जादौन, युवा नेता मदन यादव और मोनू नागर, समीक्षा व्यास, कविता राठौर, नारायण पटेल, आशीष शर्मा, नवीन तिवारी और सुशील शेट्टी नमकीन मौजूद थे।

**नारायणा धाम में 251 क्विंटल फूलों और 51 क्विंटल गुलाल से खेली जाएगी होली**

# नारायणा धाम में 251 क्विंटल फूलों और 51 क्विंटल गुलाल से खेली जाएगी होली

### प्रतिवषार्नुसार होगा फाग और ध्वज उत्सव का आयोजन, 31 गांवों के श्रद्धालु होंगे शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महिदपुर स्थित कृष्ण-सुदामा की मित्रता के प्रतीक स्थल ग्राम नारायणा धाम में प्रतिवषार्नुसार सोमवार, 2 मार्च 2026 को फाग और ध्वज उत्सव मनाया जाएगा। कृष्ण सुदामा उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस महोत्सव में इस वर्ष 251 क्विंटल फूल और 51 क्विंटल गुलाल से होली खेली जाएगी।

उत्सव के दिन सुबह 6 बजे कृष्ण और सुदामा का महाअभिषेक कर पूजा-अर्चना की जाएगी। आरती के उपरांत ढोल-नगाड़ों के साथ ध्वज यात्रा प्रारंभ होगी। सुबह 9 बजे से बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ समारोह शुरू होगा, जिसमें हाथी, घोड़े, ऊंट और बग्घी शामिल होंगे। इस चल समारोह में करीब 31 गांव के श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। दोपहर 12 बजे अभिजित मुहूर्त में मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया जाएगा, जिसके बाद महाआरती होगी और भंडारा लगेगा। संपूर्ण उत्सव की ड्रोन कैमरे से शूटिंग की जाएगी। समारोह में मालवी फाग गीतों पर कलाकार मंडली अपनी प्रस्तुति देगी। इसके साथ ही अन्य भजन मंडलियां भी चल समारोह का हिस्सा बनेंगी। निवार्णी अखाड़े के महंत दिग्विजय दास महाराज के नेतृत्व में पेशवाई में निशान और अखाड़ा निकाला जाएगा। आयोजन की तैयारी में आयोजक कृष्ण सुदामा उत्सव समिति नारायणा धाम के केशर सिंह पटेल, डॉ. मोहन शर्मा, सेवाराम आंजना, मोतीराम चौधरी, विक्रम सिंह आंजना, पुजारी अंबाराम, बद्रीलाल, दौलतराम, भवानी शंकर, आत्माराम, प्रेमनारायण, संदीप, रामेश्वर शर्मा, एडवोकेट अंतर सिंह आंजना, संजय आंजना पटेल, गोपीलाल आंजना पटेल, केशर सिंह आंजना, सरपंच भगवान सिंह गोयल नारायणा, जगदीश शर्मा पंडित, ईश्वर शर्मा, पवन गोयल, सुनील आंजना खोरिया, कैलाश सैन, अमर सिंह, संदीप आंजना बालोद, विक्रम सिंह आंजना बिनपुरा, जीवन सिंह आंजना धारखेड़ा, आसाराम, महेश सोनी, अशोक आंजना, मानसिंह चौधरी, गौरव, उदय सिंह, अर्जुन आंजना, भरत चौधरी, दिनेश दायमा, विकास आंजना, गोविंद आंजना आदि लगे हुए हैं।

### लायंस ऑफ उज्जैन द्वारा पहली बार 'कण्डो की होली का दहन' का आयोजन

**उज्जैन:** लायंस इन्टरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के बैनर तले लायंस ऑफ उज्जैन द्वारा इस वर्ष पहली बार 'कण्डो की होली का दहन' का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष कार्यक्रम 2 मार्च 2026, सोमवार को उज्जैन के फ्रीगंज स्थित टॉवर चौक पर संपन्न होगा।

आयोजकों के अनुसार, होलिका दहन का कार्यक्रम शाम 6 बजे से आरंभ होगा। मुख्य होलिका दहन रात्रि 8.30 बजे किया जाएगा, जिसके तुरंत पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण होगा। लायंस ऑफ उज्जैन ने सभी सदस्यों और दंपत्तियों से सपरिवार इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर होलिका पूजा में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## संयुक्त सचिव पंकज कुमार ने जिले के पीएम श्री स्कूलों का किया निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री पंकज कुमार ने हाल ही में दो दिवसीय दौरे (गुरुवार और शुक्रवार) पर उज्जैन जिले के पीएम श्री स्कूलों का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने पीएम श्री कन्या दशहरा मैदान , पीएम श्री कन्या नागदा तथा पीएम श्री नवोदय विद्यालय बुरानाबाद सहित प्रमुख स्कूलों का दौरा किया।निरीक्षण के दौरान संयुक्त सचिव ने शौचालयों से लेकर लैबोरेटरी, लाइब्रेरी और कक्षा कक्षों तक हर सुविधा का जायजा लिया।

उन्होंने मौके पर ही कई सुधारात्मक सुझाव दिए और विद्यार्थियों एवं स्टाफ से लंबी चर्चा की। पीएम श्री योजना के उद्देश्यों को लेकर उन्होंने महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा किए।श्री पंकज कुमार ने विशेष रूप से शौचालयों को स्मार्ट बनाने, स्कूल की उपलब्ध अतिरिक्त भूमि का पूर्ण और व्यावसायिक उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे प्राप्त आय से स्कूल का उन्नयन किया जा सकता है। जहां जमीन कम हो, वहां वर्टिकल संरचना अपनाकर पर्याप्त सुविधाएं विकसित करने का सुझाव दिया।उन्होंने डिजिटल लाइब्रेरी विकसित करने, उपलब्ध जानकारी को विद्यार्थियों तक पहुंचाने, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल की अनिवार्य व्यवस्था और अकादमिक गतिविधियों को अन्य स्कूलों से बेहतर बनाने पर बल दिया। बैठक में लक्ष्य रखा गया कि प्रत्येक पीएम श्री स्कूल में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित हो।

निरीक्षण से पहले संयुक्त सचिव ने कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह से मुलाकात की, जहां कलेक्टर श्री सिंह ने जिले की शिक्षा व्यवस्था की जानकारी उन्हें दी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट भी उपस्थित रहे।इसके बाद उन्होंने सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी 13 पीएम श्री स्कूलों, १ केंद्रीय स्कूल और 2 नवोदय स्कूलों के प्राचार्यों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में परिचय के बाद स्कूलों की गतिविधियों पर फीडबैक लिया गया।

## विक्रमोत्सव 2026 में काव्य की त्रिवेणी : तीन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होंगे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सांस्कृतिक नगरी उज्जैन में आयोजित हो रहे विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत इस वर्ष काव्य प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण के रूप में तीन अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है।यह जानकारी विक्रम उत्सव 2026 के संबंध में श्री राजेश सिंह कुशवाह ने देते हुए बताया कि विविध भाषाओं, बोलियों और विषयों पर केंद्रित ये आयोजन विक्रमोत्सव को राष्ट्रीय आयाम प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि 1 मार्च को च्लोक रंजनज कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत भारतीय जनजातीय भाषाओं एवं बोलियों पर आधारित प्रथम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन कालिदास संस्कृत अकादमी के बहीरंग सभामंडप में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य देश की समृद्ध लोक परंपराओं, जनजातीय अभिव्यक्तियों और क्षेत्रीय बोलियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आमंत्रित ख्यातनाम कवि गण अपनी-अपनी भाषाई एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रचनाओं का पाठ करेंगे। इनमें मुकुट मणिराज (हाड़ौती, कोटा), रतन प्रेमी (भीली बोली, पलसूद), राजकुमार बादल (मेवाड़ी, भीलवाड़ा), वीरेंद्र चौरे (निमाड़ी, पंधाना), किशोर तिवारी (छत्तीसगढ़ी, भिलाई), बादशाह प्रेमी (भोजपुरी, देवरिया), अजय प्रधान (अवधी, बाराबंकी), विक्रम विवेक (मालवी, तराना) तथा शशांक दुबे (मालवी व्यंग्यकार, उज्जैन) प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं सूत्रधार श्री अशोक भाटी उज्जैन करेंगे।इसी क्रम में ७ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी शक्ति पर केंद्रित अखिल भारतीय कवियत्री सम्मेलन का आयोजन भी कालिदास संस्कृत अकादमी के बहीरंग सभामंडप में किया जाएगा।

इस विशेष आयोजन में देशभर की ख्यातनाम विदुषी कवियत्रियां समाज में

## खबर एक नजर...

### सात सौ दोहों के संकलन 'प्रकृति नटी की गोद' में का विमोचन रूपांतरण सभागार में संपन्न

**बड़वानी।** कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रसिद्ध चित्रकार डॉ श्रीकृष्ण जोशी जी,मुख्य अतिथि डॉ श्रीराम दवे, विशिष्ट अतिथि मालवी के ख्यात कवि डॉ शिव चौरसिया, सेवानिवृत्त न्यायाधीश शशीमोहन श्रीवास्तव जी और मालवी की सिद्धहस्त कवियित्री माया बधेका थीं। हितैषी रचित सरस्वती वन्दना का सस्वर पाठ शिक्षिका सुनैनी शुक्ला ने तथा सुश्री बधेका ने संकलन के कुछ दोहों का वाचन किया।मुख्य अतिथि श्री दवे ने कई दोहों का उल्लेख करते हुए उनकी श्रेष्ठता ज्ञापित की। डॉ शिव चौरसिया ने सतसई परंपरा में मतिराम सतसई, रहीम सतसई, बिहारी सतसई का उल्लेख करते हुए हितैषी सतसई के चुनिंदा दोहों की व्याख्या की ।'हितैषी सतसई की विस्तृत समीक्षा साहित्यकार अशोक रक्ताले ' फणीन्द्र ने प्रस्तुत की । कार्यक्रम का चुटीला संचालन वाह वाह फेम हास्य कवि सुरेंद्र सर्किट ने किया। कार्यक्रम में ष्ठह रामनरेश शुक्ला , ष्ठह हरीश कुमार, ष्ठह पुष्पा चौरसिया , ष्ठह इंद्रेश मंगल ,ष्ठह सुदीप मिश्र , संदीप सृजन ,दिलीप जैन , विनोद काबरा , इंजी प्रफुल्ल शुक्ला, ष्ठह अखिलेश चौरे, ष्ठह महेश मिश्र और अतुल मिश्रा सहित साहित्यिक संस्थाओं के साहित्यकार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मूल्यांकन कार्य के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित

**बडवानी।** 1 मार्च 2026 को मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट उमावि, बड़वानी में माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मूल्यांकन अधिकारी श्री अनिल मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सहायक मूल्यांकन केंद्र अधिकारी श्री आशीष शुक्ला, श्री अकुमदिन पठान, श्री दीपक गुप्ता एवं श्री मुकेश कुशवाहा द्वारा रसायन शास्त्र, अंग्रेजी, संस्कृत, कृषि, कॉमर्स, इतिहास एवं व्यावसायिक विषयों के शिक्षकों को मूल्यांकन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण उपरांत उपरोक्त विषयों का मूल्यांकन कार्य प्रेक्षक सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री जे. एस. डामोर के निर्देशन में विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। मूल्यांकन कार्य सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी रूप से संचालित किया जा रहा है।जिला शिक्षा विभाग द्वारा जानकारी दी गई।

### विकसित भारत के निर्माण में बढ़ता प्रदूषण सबसे बड़ी बाधा

**मंदसौर।** अनुराग संस्था द्वारा शहर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से मासिक 'जनजागरण पदयात्रा' निकाली गई। इस अवसर पर समाजसेवी वैद्य ललितकुमार बटवाल ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हमें वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो प्रदूषण की समस्या को गंभीरता से लेना होगा।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश

### ब्लैक स्पॉट सुधार, तेज रफ्तार पर कार्रवाई,हेलमेट अनिवार्यता एवं कैशलेस उपचार योजना के प्रचार पर जोर

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, घायलों को त्वरित एवं निःशुल्क उपचार, यातायात नियमों के कड़ाई से पालन तथा ब्लैक स्पॉट सुधार को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रधानमंत्री राहत अंतर्गत कैशलेस उपचार योजना पर चर्चा की गई। योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को शासन के नियमानुसार डेढ़ लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए, ताकि आमजन अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकें।

कलेक्टर ने जिले में स्थित ब्लैक स्पॉट का संयुक्त निरीक्षण कर सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित करने हेतु एमपीआरडीसी एवं संबंधित एसडीएम (राजस्व) को निर्देशित किया। पुलिस, संबंधित रोड एजेंसी एवं अनुविभागीय अधिकारियों को संयुक्त भ्रमण कर कमियों की पहचान करते हुए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में राहवीर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में बनाए गए काउंटरों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने एवं प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई, लाइसेंस निलंबन तथा वाहन चालकों के पुलिस वेरिफिकेशन के निर्देश दिए गए। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने हेतु समझाइश एवं उल्लंघन पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। स्कूली वाहनों की नियमित निगरानी, मापदंडों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई, निर्माण कार्यों के दौरान खोदी गई सड़कों की शीघ्र मरम्मत, सड़क पर पड़े पुराने व अनावश्यक वाहनों को हटवाने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क पर विचरण करने वाली गायों को गौशालाओं में भेजने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव, कमिश्नर नगर निगम श्री अनिल माना, एसडीएम आर्ची हरित सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# रिटायर्ड डॉक्टर की बहू फांसी के फंदे पर झूली, पुलिस जांच में जुटी

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

शहर के औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत शादीशुदा महिला के आत्महत्या का मामला सामने आया है। महिला रिटायर्ड डॉक्टर की बहू है। महिला ने पंखे पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज भेजा। महिला के आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस फिलहाल मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।

औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कस्तूरबा नगर स्थित गृह निर्माण समिति में रिटायर्ड डॉक्टर गणराज गौड़ की बहू नीता पति नवीन गौड़ ३४ वर्षीय ने बीते दिन शनिवार शाम को ऊपर के कमरे में पंखे पर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर पर महिला के पति, ननद, ससुर ओर एक दस वर्षीय बेटा सभी नीचे थे। काफी समय तक महिला नीचे नहीं आई तो परिजन ऊपर गए तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला।

परिजनों ने डायल 112 पुलिस को इसकी सूचना दी। डायल पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़ा। कमरे में जाने पर महिला नीचे गिरी हुई थी। पुलिस ने बताया कि महिला ने जिस रस्सी से आत्महत्या की वह रस्सी कपड़े सुखाने की थी, जिससे टूटकर वह नीचे गिर गई। मृतक पास किसी भी प्रकार का कोई सुसाइट नोट नहीं मिला है।

डायल 100 की पुलिस ने तुरंत औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस और एफएसएल अधिकारी को सूचित किया। थाने की पुलिस के साथ एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज भिजवाया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। परिजनों के बयान के आधार पर और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर ही आत्महत्या के कारणों का पता चलेगा। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## कानूनी ज्ञान के साथ निरंतर अध्ययन और नवीन न्याय दृष्टांतों के प्रति जागरूकता आवश्यक

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

स्थानीय अभिभाषक संघ के तत्वावधान में कनिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए आयोजित 'विधिक ज्ञान परिचर्चा' में वरिष्ठ कानूनविदों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश रातड़िया ने कहा कि विधि का क्षेत्र निरंतर परिवर्तनशील है, इसलिए एक सफल अधिवक्ता बनने के लिए सतत अध्ययनशीलता और नवीन न्याय उद्धरणों (जजमेंट) के प्रति जागरूक रहना अनिवार्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के तकनीकी युग में इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से जानकारी सुलभ है, लेकिन कानूनी बारीकियों को समझने में मानवीय चेतना और तर्कशक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहती है। परिचर्चा में जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय के व्याख्याता सुनील बड़ोदिया ने कहा कि वकालत के पेशे में दक्षता प्राप्त करने के लिए ज्ञान के साथ-साथ अनुभव और परिश्रम ही सफलता का मूल आधार है। कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट मोहम्मद गजनफर खान, विनोद शर्मा और विधि छात्र शुभम जैन ने भी वर्तमान कानूनी प्रक्रियाओं और अधिवक्ताओं की बदलती भूमिका पर अपने विचार रखे।

## शिवना शुद्धिकरण अभियान का 93वां दिन अनेक नागरिकों ने किया श्रमदान

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

शिवना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के संकल्प के साथ संचालित 'शिवना शुद्धिकरण अभियान' रविवार को अपने 93वें दिन में प्रवेश कर गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रमदानियों ने उत्साह के साथ नदी के तट और जलधारा की सफाई की। अभियान के दौरान नदी किनारे वर्षों से जमा प्लास्टिक की थैलियां, कांच की बोतलें और अन्य अपशिष्ट सामग्री को हटाया गया। इसके साथ ही कई युवाओं और समाजसेवियों ने नदी के भीतर उतरकर जलधारा में फंसी गाद और कचरे को बाहर निकाला। रविवार की सुबह हुई इस सफाई में लगभग एक ट्रॉली कचरा नदी से बाहर किया गया। इस दौरान विधायक विपिन जैन ने कहा कि नदी की स्वच्छता केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि हम सबका दायित्व है। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक का



उपयोग कम करने और कचरा नदी में न फेंकने की अपील की। अभियान में समाजसेवियों, महिला नेत्रियों और कांग्रेस कार्यकताओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और नगर के गणमान्य नागरिको ने उपस्थित रहकर श्रमदान किया।

## रणजीत सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का जन्मदिन श्री राधे कृष्ण गौशाला में मनाया

ब्रह्मास्त्र ›› पिपलिया मंडी

28 फरवरी को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह जी का जन्मदिन असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने श्री राधे कृष्णा गौशाला बरखेड़ा पंथ में श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाया।

इस अवसर पर कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं गौसेवकों ने भाग लिया और सामाजिक सेवा का संदेश दिया, कार्यक्रम के दौरान गौशाला में मौजूद सभी गौ माताओं को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया। उपस्थित लोगों ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए समाज में सेवा और करुणा की भावना को बढ़ावा देने की बात कही। कुंवर शक्तावत ने कहा कि जनसेवा और गौसेवा हमारे संस्कारों का अभिन्न अंग हैं और इसी भावना के साथ यह आयोजन किया गया है और इस प्रकार गौशाला,वृद्धा आश्रम, अनाथालय में जाकर यदि किसी व्यक्ति का जन्मदिन मनाया जाता है तो इसका लाभ अवश्य ही जिस व्यक्ति का जन्मदिन मनाया जाता है उस व्यक्ति को मिलता है। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गौशाला प्रांगण स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर में उपस्थित होकर दिग्विजय सिंह के दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ। इस अवसर पर दुलीचंद कारपेंटर,धर्मेंद्र मेघवाल,राहुल चौधरी, ललित नेनौरा,बाबू भाई,महिपाल सिंह, ओमप्रकाश धनगर, राजमल पाटीदार, महेश सेन, चंद्रपाल सिंह शक्तावत,सागर सिंह, सतीश बारेठ आदि अनेक क्षेत्रिय कार्यकर्ताओं के साथ युवा साथी उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन का अधिवेशन आलोट में संपन्न

ब्रह्मास्त्र ›› आलोट

अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन रतलाम जिले के आलोट में हुआ जहां अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के पदाधिकारी पहुंचे, संगठन के संस्थापक राजेंद्र संघवी, सवंरक्षक गोविंद डबकरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र काला, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल गुप्ता राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पवन मुनिया पोरवाल समाज अध्यक्ष दिनेश कोठारी किराना एसोसिएशन अध्यक्ष शांतिलाल कमरिया महिदपुर समाज अध्यक्ष शिव नारायण काला



सरपंच संघ जिला अध्यक्ष सुरेश पोरवाल समाजसेवी आशीष काला खरवा पोरवाल समाज अध्यक्ष विनोद पोरवाल समाजसेवी श्याम पोरवाल समाजसेवी शांतिलाल पोरवाल दूधिया वाला।

राजेश मंडवारिय पंकज चौधरी अमित काला सौरभ गुप्ता सहित वरिष्ठ पदाधिकारीयो के आतिथ्य में सर्वप्रथम आलोट नगर में पोरवाल धर्मशाला जूना बाजार से विशाल चल समारोह प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न मार्गो में होता हुआ अंबेडकर भवन पहुंचा निकाला जहा पदाधिकारियो का स्वागत भारतीय जनता पार्टी राठौर समाज अंजुमन कमेटी आलोट चौधरी मित्र मंडल ब्लॉक कांग्रेस आलोट अजीत बोरासी मित्र मंडल आलोट सेकड़ो मंच के माध्यम से विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओ और समाज बंधुओ ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया ।

बैठक में सर्वप्रथम राजा टोडरमल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वल्लित किया आतिथ्य सत्कार के बाद उद्बोधन हुआ जिसमे समाज को कुरीतियो से दूर रहने एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया साथ ही प्रदेश के प्रत्येक नगर में नव युवती संगठन का गठन करना, संगठन की सदस्यता प्रारम्भ करना साथ ही पूर्व में लिए गए निर्णय अंतजार्तीय विवाह एवं प्री वेडिंग शूटिंग के विरोध का पालन सख्ती से किया जाय।

### यूएस-ईरान तनाव के बीच

# अबू धाबी में हैं ईशा गुप्ता


फिल्म जन्नत 2 फेम और एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने रविवार को बताया कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर मिसाइल हमलों के बाद बढ़े यूएस-ईरान संघर्ष के बीच वह इस समय संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय डरावना है और उन्होंने उम्मीद जताई कि वह जल्द ही भारत लौटेंगी।

ईशा ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, जो भी लोग हालचाल पूछ रहे हैं और मैसेज कर रहे हैं, मैं जवाब न देने के लिए माफी चाहती हूं। हम ठीक हैं, हम सुरक्षित हैं। समय डरावना है, बहुत कठिन है।

उन्होंने आगे लिखा, भगवान हमारी रक्षा के लिए हैं। हमें भरोसा है कि संयुक्त अरब अमीरात का रक्षा मंत्रालय लोगों की सुरक्षा और बचाव के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहा है। सभी प्रभावित लोगों के लिए, जो भी फंसे हुए हैं, उनकी सुरक्षा के लिए सबसे बढ़कर प्रार्थना कर रही हूं। उम्मीद है जल्द ही घर लौटूंगी। बता दें कि इससे पहले शनिवार को उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर आसमान की तस्वीर शेयर कर अबू धाबी लिखकर अपनी लोकेशन की पुष्टि की थी।



कहा- मैं सुरक्षित हूं, समय बहुत कठिन है, एक्ट्रेस ने जल्द भारत लौटने की उम्मीद जताई







## दुबई में फंसी सोनल चौहान

वहीं, एक्ट्रेस सोनल चौहान वअए के दुबई में फंसी हुई हैं। हाल ही में ईरान ने वअए समेत दुनिया के 8 देशों में हमला किया। इस स्थिति में दुबई की सभी उड़ाने रद्द कर दी गई हैं, जिससे एक्ट्रेस भारत लौटने में असमर्थ हैं।

सोनल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारत वापस लौटने के लिए मदद की अपील की।

जन्नत फेम सोनल ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बताया है कि वो दुबई में असुरक्षित महसूस कर रही हैं और जल्द भारत लौटना चाहती हैं।

एक्ट्रेस ने लिखा, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, मैं वर्तमान में जारी संकट के बीच दुबई में फंसी हुई हूं। उड़ानें रद्द हो गई हैं और भारत लौटने का कोई स्पष्ट तरीका नहीं है। मैं सुरक्षित घर वापसी के लिए सरकार से मार्गदर्शन और सहयोग की उम्मीद करती हूं। किसी भी सहायता के लिए मैं दिल से आभारी रहूंगी।

सोनल चौहान दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंसे कई यात्रियों में शामिल हैं। अचानक उड़ानें रद्द होने से यात्री असमंजस की स्थिति में हैं और आधिकारिक घोषणाओं का इंतजार कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में एयरपोर्ट टर्मिनल पर भारी भीड़ और चिंतित यात्रियों को देखा जा सकता है। यह संकट पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद शुरू हुआ है। इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों पर संयुक्त हमलों के बाद स्थिति और बिगड़ गई। इसके जवाब में कई देशों, जिनमें ईरान और इराक शामिल हैं, ने अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर व्यापक असर पड़ा है।

**'परिवार सो नहीं पाया, स्थिति खतरनाक-** इस बीच, फिल्म क्रिटिक और एक्टर कमाल आर खान उर्फ केआरके, जो अपने परिवार के साथ दुबई में रहते हैं, ने सोशल मीडिया पर दुबई के हालात पर चिंता जताई। उन्होंने लिखा कि तेज धमाकों की वजह से उनका परिवार पूरी रात सो नहीं पाया। उन्होंने इसे शहर के लोगों के लिए खतरनाक स्थिति बताया।



# मालामाल वीकली का बनेगा सीक्वल

### एक्टर परेश रावल ने कन्फर्म कर कहा- मैं प्रोजेक्ट का हिस्सा हूं

एक्टर परेश रावल ने कन्फर्म किया है कि फिल्म मालामाल वीकली 2 बन रही है। उन्होंने हाल ही में कहा कि वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। यह बात उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स से कही। हालांकि, फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट अभी नहीं हुई है। बॉलीवुड रिपोर्ट के मुताबिक, मालामाल वीकली के दूसरे पार्ट के लिए मेकर्स ने एक नया कॉन्सेप्ट तैयार किया है, जो पहली कहानी को सीधे आगे नहीं बढ़ाएगा, बल्कि फ्रेंचाइजी को नए अंदाज में पेश करेगा।

**राजपाल और रितेश से भी संपर्क किया गया-** सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि इस बार अलग किरदार और नया परिवेश होगा, लेकिन कहानी ग्रामीणों के एक समूह के इर्द-गिर्द घूमेगी, जो बड़ी रकम पाने के लिए अजीबोगरीब कोशिशें करेंगे। परेश रावल ने फिल्म के लिए सहमति दे दी है, जबकि राजपाल यादव और रितेश देशमुख को भी संपर्क किया गया है।

**फिल्म 2006 में रिलीज हुई थी-** बता दें कि मालामाल वीकली साल 2006 में रिलीज हुई थी और इसे प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में परेश रावल के अलावा ओम पुरी, असरानी, राजपाल यादव और रितेश देशमुख भी थे। फिल्म को समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह सफल रही। 7 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 42.7 करोड़ रुपए की कमाई की। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म वेकिंग नेड (1998) पर आधारित थी। इसकी कहानी को दूसरी भाषाओं में भी बनाया गया है, जिसमें तेलुगु में भाग्यलक्ष्मी बंपर ड्रॉ (2006), कन्नड़ में डकोटा पिक्चर (2012), और मलयालम में आमायुम मुयालुम (2014) शामिल हैं।

### 9 करोड़ लोन केस में राजपाल यादव का बड़ा खुलासा

# 1200 करोड़ के प्रोजेक्ट और 10 फिल्में लाइनअप

9 करोड़ रुपये के लोन और चेक बाउंस मामले में कानूनी उलझनों का सामना कर रहे अभिनेता-हास्य कलाकार राजपाल यादव ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी चुप्पी तोड़ी। अपने वकील भास्कर उपाध्याय के साथ मीडिया के सामने आए राजपाल यादव ने न केवल चल रहे केस पर अपनी स्थिति स्पष्ट की, बल्कि आने वाले वर्षों की अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं का भी खुलासा किया। अभिनेता ने दावा किया कि उनके पास अगले सात वर्षों के लिए 1200 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के ब्रांडिंग और अन्य प्रोजेक्ट्स लाइनअप हैं, साथ ही 10 फिल्में भी कतार में हैं।

प्रेस वार्ता के दौरान राजपाल यादव ने कहा कि पिछले एक दशक ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया है और वे इस पूरे अनुभव को जीवन का बड़ा सबक मानते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे कानूनी प्रक्रिया का पूरा सम्मान करते हैं और अदालत के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। अभिनेता ने बताया कि उनके खिलाफ चल रहे 9 करोड़ रुपये के मामले में हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट से उन्हें अंतरिम राहत मिली है। अदालत ने 18 मार्च तक उनकी सजा पर अस्थायी रोक लगाई है और उन्हें एक लाख रुपये के निजी मुचलके तथा इतनी ही राशि के एक जमानती बांड पर राहत प्रदान की है। न्यायालय ने यह भी नोट किया कि प्रतिवादी के बैंक खाते में 1.5 करोड़ रुपये जमा कराए जा चुके हैं।



राजपाल यादव ने अपने भविष्य के काम को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि अगले सात वर्षों में उनके ब्रांडिंग प्रोजेक्ट्स की कुल वैल्यू 1200 करोड़ रुपये तक पहुंचती है। उन्होंने बताया कि चार बड़े एग्रीमेंट साइन किए जा चुके हैं, जिनमें फिल्में शामिल नहीं हैं। कुछ प्रोजेक्ट्स की कीमत 200 करोड़ रुपये के आसपास है, जबकि कुछ का स्केल 2000 करोड़ रुपये तक का है। आय का मॉडल फीस और इक्विटी दोनों का मिश्रण होगा। इसके अलावा वे 10 फिल्मों में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनकी शूटिंग अलग-अलग चरणों में शुरू होगी। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाला समय उनके करियर के लिए नया मोड़ साबित होगा।

मीडिया से बातचीत में अभिनेता ने जेल के दौरान मिले समर्थन का भी जिक्र किया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि पिछले 20 दिनों में उन्हें देशभर से अप्रत्याशित सहयोग मिला। बच्चों की गुल्लक से लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से एक करोड़ रुपये तक की सहायता उन्हें प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि वे सभी सहयोगकर्ताओं का सार्वजनिक रूप से धन्यवाद करेंगे और कुछ लोगों का नाम लेकर विशेष आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जबकि कई लोग गुमनाम रहना चाहते हैं। राजपाल यादव ने कहा कि वे सभी का पैसा सम्मानपूर्वक लौटाना चाहते हैं और इसके लिए उन्हें थोड़ा समय चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि देशभर के उन बच्चों का कर्ज वे कभी नहीं चुका पाएंगे, जिन्होंने कठिन समय में उनका साथ दिया।

गौरतलब है कि राजपाल यादव का नाम पहले भी वित्तीय विवादों के कारण सुर्खियों में रहा है। चेक बाउंस मामले में सजा सुनाए जाने के बाद वे कुछ समय के लिए जेल भी गए थे। हालिया अंतरिम राहत के बाद उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपनी बात रखी है और यह संदेश देने की कोशिश की है कि वे कानूनी दायित्वों से पीछे हटने वाले नहीं हैं। अभिनेता ने कहा कि वे हर बकाया राशि का भुगतान करेंगे और अपने पेशेवर जीवन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाएंगे।

- फिल्म उद्योग के जानकारों का मानना है कि राजपाल यादव की लोकप्रियता आज भी बरकरार है। भूल भुलैया और वेलकम जैसी फिल्मों में उनके हास्य अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा है। ऐसे में यदि उनके दावे के मुताबिक बड़े प्रोजेक्ट्स मूर्त रूप लेते हैं तो यह उनके करियर की दूसरी पारी साबित हो सकती है। हालांकि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं होगी।
- फिलहाल अभिनेता का कहना है कि वे सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं और अपने प्रशंसकों का विश्वास बनाए रखना चाहते हैं। उन्होंने मीडिया से अपील की कि मामले को तथ्यों के आधार पर देखा जाए और अफवाहों से बचा जाए। आने वाले दिनों में अदालत में अगली सुनवाई और उनके नए प्रोजेक्ट्स की औपचारिक घोषणाओं पर सबकी नजर रहेगी।

### भारत ने अपना सबसे बड़ा रनचेज किया, सेमीफाइनल में जगह पक्की

# संजू सैमसन ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा

## संजू ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, टारगेट का पीछा करते हुए सबसे बड़ी पारी खेली

ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता



भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपना सबसे बड़ा रनचेज करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। आखिरी सुपर-8 मुकाबले में टीम इंडिया ने 196 रन के लक्ष्य को 19.2 ओवर में हासिल कर वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया।

ईडन गार्डन्स में जीत के हीरो संजू सैमसन रहे, जिन्होंने नाबाद 97 रन की पारी खेलकर विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वे टारगेट का पीछा करते हुए भारत की ओर से सबसे बड़ी पारी खेलने वाले प्लेयर बने।

**भारत छठी बार सेमीफाइनल में, पाकिस्तान-इंग्लैंड की बराबरी-** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में छठी बार सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस उपलब्धि के साथ टीम ने पाकिस्तान और इंग्लैंड की बराबरी कर ली है। दोनों टीमें भी 6-6 बार अंतिम-4 में पहुंच चुकी हैं।

**भारत का सबसे बड़ा टी-20 वर्ल्ड कप रनचेज-** वेस्टइंडीज के खिलाफ 196 रन का लक्ष्य हासिल कर भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपना सबसे बड़ा रनचेज दर्ज किया। इससे पहले 2014 में टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 173 रन चेज किए थे। ओवरऑल यह टूर्नामेंट इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रनचेज रहा। इससे बड़ा चेज 2016 में वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 230 रन बनाकर किया था।

**रनचेज में संजू की सबसे बड़ी पारी, कोहली का रिकॉर्ड टूटा-** संजू सैमसन ने 97 रन की पारी खेलकर टी-20 वर्ल्ड कप रनचेज में भारत के लिए सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले 2016 में विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 82 रन बनाए थे। ओवरऑल टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की ओर से यह दूसरी सबसे बड़ी पारी है। 2010 में सुरेश रैना ने 101 रन की शतकीय पारी खेली थी।

**सूर्या का 50वां टी-20 बतौर कप्तान, 81.25% जीत के साथ नंबर-1-** सूर्यकुमार यादव भारत के लिए 50 टी-20 मैचों में कप्तानी करने वाले चौथे खिलाड़ी बने। उन्होंने 50 में से 38 मुकाबले जीतकर 81.25 प्रतिशत का शानदार जीत प्रतिशत दर्ज किया, जो इस सूची में सबसे बेहतर है। उनसे पहले महेंद्र सिंह धोनी (73 मैच), रोहित शर्मा (62 मैच) और विराट कोहली (50 मैच) यह आंकड़ा छू चुके हैं।

**बुमराह ने हेटमायर को छठी बार आउट किया-** जसप्रीत बुमराह ने टी-20 क्रिकेट में शिमरन हेटमायर को छठी बार अपना शिकार बनाया। खास बात यह है कि हेटमायर ने बुमराह के खिलाफ 10 पारियों में सिर्फ 17 रन बनाए हैं। उनका औसत 2.83 और स्ट्राइक रेट 73.91 का रहा है।

**एक एडिशन में 19 सिक्स, हेटमायर नंबर-1-** शिमरन हेटमायर ने इस टी-20 वर्ल्ड कप में 19 सिक्स लगाकर एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने इस मामले में साहिबजादा फरहान और निकोलस पूरन को पीछे छोड़ दिया।

**76 सिक्स के साथ वेस्टइंडीज दूसरी टीम-** वेस्टइंडीज ने इस टी-20 वर्ल्ड कप में अब तक 76 सिक्स लगाए हैं और एक टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाली दूसरी टीम बन गई है। इस सूची में शीर्ष स्थान पर 78 सिक्स के साथ बुल्गारिया की टीम है।

**150 सिक्स के साथ पॉवेल वेस्टइंडीज के नंबर-1 हिटर-** रोवमैन पॉवेल टी-20 क्रिकेट में वेस्टइंडीज के लिए 150 सिक्स लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में निकोलस पूरन को पीछे छोड़ा। इस सूची में क्रिस गेल और कीरोन पोलार्ड जैसे बड़े हिटर्स के नाम भी शामिल हैं।

**हार्दिक 400+ रन और 30+ विकेट वाले तीसरे ऑलराउंडर-** हार्दिक पंड्या टी-20 वर्ल्ड कप में 400 से ज्यादा रन और 30 से ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे ऑलराउंडर बने। उनसे पहले यह उपलब्धि शाकिब अल हसन और शाहिद अफरीदी हासिल कर चुके हैं।

## पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा



### सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर भी बने वर्ल्डकप से बाहर होने पर अबरार रोए

ब्रह्मास्त्र ›› पल्लेकेले

पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप में श्रीलंका को 5 रन से हरा दिया। पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तानी टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 212 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 रन ही बना सकी। इस जीत के बाद भी पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। इससे निराश होकर अबरार अहमद मैदान पर ही रोने लगे। कप्तान सलमान अली आगा भी निराश दिखे। वहीं, हार के बाद श्रीलंकाई कप्तान दसुन शनाका भी निराश नजर आए। शनाका ने तारिक की बॉल को बैकफुट से पुश किया और दौड़कर 1 रन हासिल किया। इसी एक रन से श्रीलंकाई टीम ने 148वां रन बनाया और पाकिस्तान बाहर हो गया। अबरार वर्ल्डकप से बाहर होने पर रोए पाकिस्तान के वर्ल्ड कप से बाहर होने पर अबरार रोते हुए नजर आए। शनाका ने जैसे ही 16वें ओवर में सिंगल लिया, अबरार रो पड़े। उन्होंने अपनी आखें बंद कर उसे दोनों हाथों से ढंक लिया था। 1. फरहान एक टी-20 वर्ल्डकप के टॉप स्कोरर पाकिस्तान के ओपनिंग बैट्समैन साहिबाजादा फरहान ने श्रीलंका के खिलाफ सेंचुरी लगाते हुए विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया। विराट कोहली के नाम टी20 वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड था। विराट ने टी-20 वर्ल्ड कप 2014 में 6 पारियों में 319 रन बनाए थे। फरहान ने 6 पारियों में 383 रन बनाते हुए यह रिकॉर्ड अब अपने नाम कर लिया है।












भारत-कनाडा संबंध

# कार्नी बोले- 2030 तक व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य



## साल के अंत तक साझेदारी पर हस्ताक्षर संभव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भारत के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य 2030 तक व्यापार को दोगुना करना है। दोनों देशों के बीच मौजूदा कारोबार 7.8 अरब डॉलर है। समझौते पर इस साल के अंत तक हस्ताक्षर की उम्मीद है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि उनका देश भारत के साथ एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर बातचीत कर रहा है, जिसका उद्देश्य 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करना है। अभी दोनों देशों के बीच 7.8 अरब डॉलर का कारोबार है। कार्नी ने कनाडा-भारत फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि इस समझौते पर इस साल के अंत तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। कनाडा के प्रधानमंत्री चार दिवसीय भारत दौरे पर हैं। कार्नी ने कहा कि यह हमारे दोनों देशों के लिए एक बहुत बड़ा मौका है, लेकिन यह एक ऐसा अवसर है जो अगले स्तर पर पहुंचने वाला है। हमें और भी ऊंचे लक्ष्य रखने चाहिए और हम ऐसा कर रहे हैं और अपनी साझेदारी में और अधिक रणनीतिक होना चाहिए। इसीलिए, पिछले साल मेरे चुनाव के तुरंत बाद, हमारी सरकार ने भारत के साथ अपने संबंधों को नवीनीकृत करने का प्रयास किया। कार्नी ने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री मोदी को कनाडा में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया था। कुछ सप्ताह बाद जब वे आए, तो हमने सुरक्षा, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पुनः सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की।

### क्या 2 लाख करोड़ का नया टोकन हब बनने से भारत को मिलेगी राहत?

# एआई से आईटी की 60 लाख नौकरियां खतरे में



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत का 18 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आईटी सेक्टर एक बड़े ऐतिहासिक बदलाव से गुजर रहा है। टीसीएस के राजस्व दांव से लेकर 19 अरब डॉलर के नए एआई टोकन बाजार और कोडिंग से जुड़ी 60 लाख नौकरियों पर संकट की पूरी कहानी इस इस रिपोर्ट में आसान सवाल-जवाब के जरिए।

भारत का 18 लाख करोड़ रुपये से अधिक (करीब 200 अरब डॉलर) का आईटी सेवाओं का निर्यात बदलाव के बड़े दौर से गुजर रहा है। एक तरफ जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी के कारण 60 लाख कोडिंग नौकरियों पर संकट मंडरा रहा है, वहीं दूसरी ओर टीसीएस जैसी देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी ने राजस्व की परवाह किए बिना एआई अपनाने का कड़ा फैसला लिया है। आइए, भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले इस बड़े बदलाव और 'एआई टोकन हब' बनने की कहानी को आसान सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं।

**इस एआई क्रांति का शेयर बाजार पर क्या असर पड़ा है-** बाजार में निवेशकों को यह डर सता रहा है कि एआई भारतीय आईटी सेक्टर के पारंपरिक 'लेबर-हैवी' (अधिक कर्मचारियों वाले) मॉडल को खत्म कर देगा। इस डर के कारण फरवरी में भारतीय आईटी सेक्टर की मार्केट वैल्यू (बाजार पूंजीकरण) में लगभग 68.6 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई है। इतना ही नहीं, निफ्टी आईटी इंडेक्स 21% गिर गया है, जो पिछले 23 वर्षों में इसका सबसे खराब मासिक प्रदर्शन है।

**क्या इस बदलाव से भारत की 60 लाख आईटी नौकरियों पर खतरा है-** जवाबः हां, एआई के बढ़ते स्वरूप से कोडिंग से जुड़ी मौजूदा 60 लाख नौकरियों में कमी आना तय है। टीसीएस और इंफोसिस जैसी कंपनियां एआई अपनाकर अपना मुनाफा तो बचा लेंगी, लेकिन वे भविष्य में पहले की तरह बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करने वाली नहीं रहेंगी। इससे देश के 37.5 करोड़ युवाओं के भविष्य को लेकर नीति निमार्ताओं के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

### अभी सबसे बड़ा बदलाव क्या देखने को मिल रहा है?

पिछले 25 वर्षों से सॉफ्टवेयर सर्विस भारत की वैश्विक पहचान रही है, लेकिन अब आने वाला दशक 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टोकन' का होने वाला है। दरअसल, रूटीन कोडिंग अब एक कमोडिटी बन चुकी है और एआई एल्गोरिदम खुद अपनी प्रोग्रामिंग करने में सक्षम हो गए हैं। अब वैश्विक क्लाइंट्स केवल सिंटैक्स लिखने के लिए प्रोग्रामर्स को पैसे नहीं देंगे, बल्कि वे 'इंटेलिजेंस ऑडिट' करने वालों को अधिक महत्व देंगे।

### टीसीएस जैसी बड़ी आईटी कंपनी अपने कर्मचारियों को एआई इस्तेमाल करने के लिए क्यों कह रही है?

टीसीएस के सीईओ के. कृतिवासन ने कर्मचारियों से कहा है कि वे काम को तेज और सस्ता बनाने के लिए एआई टूल्स का इस्तेमाल करें, भले ही इससे कंपनी के मौजूदा राजस्व का ही नुकसान क्यों न हो। कंपनी का मानना है कि इस बदलाव का विरोध करने के बजाय इसका फायदा उठाना चाहिए। छोटी प्रतिद्वंद्वी कंपनी विप्रो का भी यही मानना है कि एआई अपनाने से रोजगार कम होने के बजाय नए अवसर पैदा होंगे।

### एआई टोकन हब क्या है और इसमें 19 अरब डॉलर की कमाई कैसे होगी?

**जवाबः** केंद्र सरकार विदेशी कंपनियों को भारत में एआई इन्फरेंस हब या टोकन कारखाने लगाने के लिए 20 साल की टैक्स छूट दे रही है। पश्चिमी देशों की दिग्गज टेक कंपनियां चीनी विकल्पों से मुकाबले के लिए भारत की सस्ती सौर ऊर्जा का उपयोग कर रही हैं, जिससे भारत एक आकर्षक वर्चुअल बैटरी बन गया है। उदाहरण के लिए, आंध्र प्रदेश ने 15 अरब डॉलर के डेटा-सेंटर के लिए गूगल को 2.4 अरब डॉलर का इंसेंटिव ऑफर किया है। एक अनुमान के मुताबिक, 2030 तक भारत सालाना 12 क्वाड्रिलियन टोकन का उत्पादन करेगा, जिसका 80 प्रतिशत हिस्सा निर्यात करके डेटा सेंटर्स 19 अरब डॉलर (रुपये में करीब 1.74 लाख यानी दो लाख करोड़ रुपये ) का भारी राजस्व प्राप्त कर सकते हैं।

**आईटी क्षेत्र पर एआई के असर पर बाजार क्या कह रहा-** जानकारों का कहना है कि कृत्रित बुद्धिमत्ता (एआई) की वजह से आईटी शेयरों में बिकवाली तेजी से बढ़ रही है। अकेले फरवरी के महीने में निफ्टी आईटी शेयरों में 19.13 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। जिसकी वजह से आईटी इंडेक्स का मार्केट कैप 6.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक घट गया है। फरवरी का महीना आईटी कंपनियों के लिए सबसे खराब महीने में से एक रहा, क्योंकि नए और अधिक उन्नत एआई उपकरणों, एंथ्रोपिक जैसे स्टार्टअप से आने वाले नए उपकरणों के वजह आईटी कंपनियों के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। जिसकी वजह से निवेशकों ने आईटी शेयरों में बिकवाली करना शुरू कर दिया है। ब्रोकरेज फर्मस के विशेषज्ञों के अनुसार एआई व्यवधान की आंशकाओं के चलते निफ्टी में आईटी शेयरों में 19 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। इसी महीने अब निफ्टी में अब तक आईटी इंडेक्स का मार्केट कैप 6.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक घट गया है।

**आईटी विशेषज्ञों को कौन सी चिंता परेशान कर रही-** बाजार और निवेशकों में यह चिंता पैदा हो गई है कि यदि एआई नई तकनीकों के साथ भारत के लगभग 300 अरब डॉलर के आईटी सेवा उद्योग को परेशानी में डाल सकता है, जो कि श्रम प्रधान है। आईटी विशेषज्ञों का कहना है यदि एआई एप्लीकेशन सेवाओं से होने वाली आय को प्रभावित करना शुरू करता है , जो सामान्य रूप से आईटी कंपनियों के कुल राजस्व का 40 से 70 प्रतिशत हिस्सा है, तो भारतीय आईआी क्षेत्र को और अधिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है।

**एंथ्रोपिक का नया उत्पाद परेशानी कैसे बढ़ा रहा-** सिटिनी रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी टैरिफ समस्याएं और एच1बी वीजा जैसी समस्याओं को झेलने के बाद आईटी शेयर ने एक बार फिर से नई तरह से बाजार में शुरूआत की थी, लेकिन एंथ्रोपिक के तहत क्लाउड कोवर्क एजेंट के आने और इसके नए उत्पाद पेश होन के बाद आईटी शेयरों में दबाब बढ़ने लगा और यह बिकवाली में बदल गया।

### युद्ध से अफरा-तफरीः दुबई पर सबसे ज्यादा असर

# एयरपोर्ट बंद, पाम जुमैरह पर भी गिरीं मिसाइलें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका और इस्राइल के हमले के बाद ईरान के पलटवार से खाड़ी देशों में हड़कंप मच गया है। मिसाइल हमलों के कारण दुनिया का सबसे व्यस्त दुबई एयरपोर्ट अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। जानिए इस बारे में अब तक क्या अपडेट।

पश्चिम एशिया में अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच छिड़े घमासान का असर पूरे वैश्विक व्यापार और एविएशन सेक्टर पर पड़ता दिख रहा है। दुनिया के सबसे व्यस्त अंतरराष्ट्रीय ट्रांजिट हब यानी दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (डीएक्सबी) पर उड़ानों का संचालन अनिश्चितकाल के लिए रोक दिया गया है। ईरान की ओर से शनिवार को खाड़ी देशों में दागी गई बैलिस्टिक मिसाइलों के बाद सुरक्षा को देखते हुए यह बड़ा कदम उठाया गया है।



बैलिस्टिक मिसाइलों के बीच दुबई में बड़ा सुरक्षा अलर्ट देखने को मिला। एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक फेयरमोंट होटल के बाहर धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। बाद में दमकल टीमों ने आग पर काबू पा लिया। इस घटना में चार लोगों के घायल होने की खबर है। आइए समझते हैं कि एविएशन और व्यापार जगत के लिए इस बड़े झटके के क्या मायने हैं और इसका क्या असर हो रहा है।

**दुबई एयरपोर्ट पर अचानक उड़ानें क्यों रोक दी गई-** ईरान ने शनिवार को खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ बैलिस्टिक मिसाइल हमले दागे मिसाइल हमलों और क्षेत्रीय तनाव के कारण सुरक्षा को सबसे पहली प्राथमिकता देते हुए दुबई एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ने दुबई इंटरनेशनल (डीएक्सबी) और अल मकतूम इंटरनेशनल (डीडब्ल्यूसी) पर सभी उड़ानों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का एलान कर दिया। इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध के बीच दुबई एयरपोर्ट्स ने शनिवार बताया कि दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (डीएक्सबी) और दुबई वर्ल्ड सेंट्रल-अल मकतूम इंटरनेशनल (डीडब्ल्यूसी) एयरपोर्ट पर सभी उड़ान संचालन अगली सूचना तक निलंबित रहेंगे।

### एयरपोर्ट पर फंसे यात्रियों के लिए क्या एडवाइजरी है?

शनिवार को इस्राइल की ओर से तेहरान पर किए गए हवाई हमलों के बाद इस्राइल, ईरान, दुबई और इराक ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया, जिससे मध्य पूर्व की कई दिशाओं में हवाई यात्रा बुरी तरह प्रभावित हुई। दुबई एयरपोर्ट्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि डीएक्सबी और दुबई वर्ल्ड सेंट्रल-अल मकतूम इंटरनेशनल (डीडब्ल्यूसी) हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है। यात्रियों को एयरपोर्ट न जाने की सलाह दी जाती है और उड़ान संबंधी अपडेट के लिए अपनी एयरलाइन से संपर्क करें। पोस्ट में आगे कहा गया कि हम यात्रियों के सहयोग की सराहना करते हैं। स्थिति पर नजर रखते हुए आगे की जानकारी दी जाएगी। अचानक हुई इस बंदी से दुबई एयरपोर्ट के अंदर हजारों यात्री फंस गए हैं। दुबई एयरपोर्ट अथॉरिटी ने सख्त एडवाइजरी जारी करते हुए यात्रियों से अपील की है कि वे फिलहाल टर्मिनल्स की तरफ न जाएं।

### आरबीआई का सख्त कदम

# ब्रोकर फंडिंग पर 100 फीसदी कोलैटरल अनिवार्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आरबीआई ने ब्रोकर फंडिंग पर सख्ती करते हुए बैंकों के लिए 100% कोलैटरल अनिवार्य कर दिया है और प्रोप ट्रेडिंग के लिए सीधे फंडिंग पर रोक लगाई है। इसका उद्देश्य बढ़ते लीवरेज, जोखिमपूर्ण ट्रेडिंग और डिफॉल्ट के खतरे को कम करना व वित्तीय प्रणाली को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाना है।

बैंकिग और कैपिटल मार्केट से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ब्रोकर फंडिंग को लेकर सख्त रुख अपनाया है। नए निदेर्शों के तहत बैंकों को शेयर ब्रोकरों या ब्रोकिंग संस्थाओं की दी जाने वाली फंडिंग के बदले 100 प्रतिशत कोलैटरल लेना अनिवार्य किया है। यानी अब जितनी राशि का फंडिंग एक्सपोजर होगा, उतना ही पूरी वैल्यू का सुरक्षा गिरवी (कोलैटरल) रखना जरूरी होगा। यह कदम बाजार में बढ़ते लीवरेज, ब्रोकिंग जोखिमपूर्ण ट्रेडिंग और संभावित डिफॉल्ट की आशंका को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। हाल के वर्षों में डेरिवेटिव्स और मार्जिन ट्रेडिंग में तेजी से बढ़ोतरी हुई है, जिससे वित्तीय स्थितरता पर दबाव की चिंता बढ़ी थी।

**ब्रोकिंग कंपनियों से आप क्या समझते हैं-** ब्रोकिंग कंपनियां वे वित्तीय संस्थान होती हैं जो शेयर बाजार में निवेशकों के लिए खरीदी और बिक्री की प्रक्रिया को आसान बनाते हुए बीच के माध्यम की भूमिका निभाती हैं। ये कंपनियां सेबी या संबंधित नियामक संस्थाओं के तहत पंजीकृत होती हैं और निवेशकों को शेयर, बॉन्ड, डेरिवेटिव और कमोडिटी में ट्रेडिंग की सुविधा देने के लिए प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराती हैं। इसके बदले वे ब्रोकरेज या कमीशन शुल्क वसूलती हैं।

**कोलैटरल क्या होता है-** कोलैटरल वह संपत्ति या सुरक्षा होती है, जिसे कोई व्यक्ति या संस्था लोन या फंडिंग के बदले गिरवी रखती है। जब आप बैंक से पैसा लेते हैं, तो बैंक अपने जोखिम को कम करने के लिए बदले में कोई गारंटी मांगता है यही कोलैटरल कहलाता है।

## पश्चिम बंगाल में 50 लाख घुसपैठिए वोटर लिस्ट से हटाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले में भाजपा की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए नवीन ने दावा किया कि बंगाल में 50 लाख से ज्यादा घुसपैठियों को वोटर लिस्ट से हटाया गया है। पश्चिम बंगाल में एक दिन पहले ही स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के बाद जारी वोटर लिस्ट से 63.66 लाख नाम हटाए गए हैं।

नवीन ने आरोप लगाया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, वे घुसपैठिए थे और वे असली नागरिकों के लिए बनी सरकारी नौकरियों और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे थे। ये लोग न सिर्फ असली नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन कर रहे थे, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा थे। घुसपैठियों के लिए हमारा संदेश है कि अब समय आ गया है कि उन्हें बंगाल की धरती से बाहर किया जाए। हमें न सिर्फ घुसपैठियों को हटाना है, बल्कि एक मजबूत सरकार भी बनानी है जो विकास ला सके

भाजपा अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घुसपैठियों को फर्जी दस्तावेज दिलाकर उन्हें संरक्षण दिया। ममता बनर्जी ने वोटर लिस्ट में शामिल घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों का रुख किया, क्योंकि वे उनका वोट बैंक हैं। लेकिन जब महिलाओं का अपमान होता है, तो दीदी चुप रहती हैं। राज्य को भ्रष्ट टीएमसी सरकार से मुक्त कराने की जरूरत है, जो सिर्फ घुसपैठियों के लिए काम करती है। ममता दीदी, क्या आपने इसी सोनार बांग्ला का सपना दिखाया था, जहां सिर्फ भ्रष्टाचार हो, अराजकता हो और यहां के लोगों का शोषण हो। अब यहां का युवा बहुत परेशान हो चुका है। इन सभी का हिसाब लेने के लिए ही यह परिवर्तन यात्रा निकल रही है। जिस वंदे मातरम के गान से पूरा देश आजाद हुआ, आज जब हम उसकी 150वीं जयंती मनाते हैं, तो टीएमसी के सांसद संसद में उसे रोकते हैं। जिस वंदे मातरम ने पूरे देश को आजादी दिलाई, उसी वंदे मातरम का टीएमसी के सांसद अपमान करते हैं। ममता दीदी, वंदे मातरम ने अंग्रेजों से आजादी दिलाई थी, और अब वही वंदे मातरम की गूंज बंगाल को आपकी अराजकता से आजाद करेगी और बंगाल को मुक्ति दिलाएगी।

### सोना 30 हजार बढ़ने की उम्मीद; अमेरिका-ईरान जंग का असर

# होर्मुज बंद नहीं होगा, लेकिन पेट्रोल-डीजल महंगे हो सकते हैं, 4-5 बढ़ सकते है दाम

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि फिलहाल होर्मुज जलमार्ग को बंद करने का कोई इरादा नहीं है। एक दिन पहले जब अमेरिकी हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे तो आशंका जताई जा रही थी कि ईरान होर्मुज को बंद कर सकता है।

अगर होर्मुज बंद होता तो कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकते थे। इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता था। हालांकि एक्सपर्ट अभी भी मान रहे है कि कच्चे तेल के दामों में बढ़ोतरी का जोखिम अभी भी बना हुआ है।



## इसकी तीन वजहे हैं

**1. ऑयल टैंकर पर हमले:** ईरान होर्मुज जलमार्ग को आधिकारिक तौर पर बंद न करे लेकिन वह ऑयल टैंकर्स पर हमले कर सकता है। हाल ही में पर्शियन गल्फ के मुहाने पर तीन जहाजों पर हमला किया भी गया है। इस हमले के बाद टैंकर कंपनियां इस रास्ते से दूर हो रही है।

अगर इजराइल और अमेरिका के साथ चल रही ये जंग लंबी खिंचती है तो इस तरह के हमले आगे भी जारी रह सक ते हैं। इससे शिपिंग कंपनियां उस रास्ते से जाने से डरेंगी और रास्ता तकनीकी रूप से खुला रहने के बावजूद क्रूड की सप्लाई ठप हो जाएगी और कीमतें बढ़ेंगी।

**2. इंश्योरेंस और शिपिंग लागत:** युद्ध जैसे हालात में समुद्री रास्तों पर जोखिम बढ़ जाता है। इस वजह से कच्चे तेल लाने वाले जहाजों का 'वॉर रिस्क इंश्योरेंस' और शिपिंग भाड़ा महंगा हो जाता है। यह बढ़ी हुई लागत अंत में कच्चे तेल की कीमतों को ऊपर ले जाती है।

3. मार्केट में पैनिक: ग्लोबल मार्केट हमेशा भविष्य की आशंकाओं पर चलता है। जब तक मिडिल ईस्ट में तनाव पूरी तरह खत्म नहीं होता, तब तक कच्चे तेल में तेजी रह सकती हैं।

## आम लोगों पर इसका असर

### 1. भारत में पेट्रोल-डीजल 4-5 रुपए बढ़ सकते हैं..

**पेट्रोल डीजल:** दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 100 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल 88 से बढ़कर 92 तक जा सकता है। अन्य शहरों में भी इसी तरह से दाम बढ़ सकते हैं।

पहले जब होर्मुज के बंद होने की खबरें आई थी तब एक्सपर्ट अनुमान लगा रहे थे कि कच्चे तेल के दाम 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकते हैं। वहीं पेट्रोल 105 रुपए तक पहुंच सकता है।

अब ईरान के विदेश मंत्री के बयान के बाद एक्सपर्ट कच्चे तेल के 100 डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगा रहे हैं। इसी आधार पर पेट्रोल-डीजल के रेट अनुमान में भी थोड़ी कमी की गई है।। भारत अपनी जरूरत का 90% तेल आयात करता है। इसमें से करीब 50% क्रूड होर्मुज के रास्ते आता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर ये रास्ता पूरी तरह से या थोड़ा बहुत ब्लॉक करता है, तो इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की सप्लाई घट जाएगी और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ जाएंगी।

होर्मुज स्ट्रेट करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। इसके दोनों मुहाने करीब 50 किमी चौड़े हैं, जबकि सबसे संकरा हिस्सा करीब 33 किमी चौड़ा है। इसमें आने-जाने वाले समुद्री ट्रैफिक के लिए 3 किमी चौड़ी शिपिंग लेन तय है। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है। ईरान के अलावा सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं।




## कंपनियां कीमतें बदलने के लिए स्वतंत्र, लेकिन अंतिम फैसला सरकार के हाथ में

भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें सरकारी तेल कंपनियां तय करती हैं। पिछले 15 दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की औसत कीमत और डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति पर निर्भर करती हैं। हालांकि कंपनियां बेस प्राइस तय करती हैं। आम आदमी तक पहुंचने वाली अंतिम कीमत में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के टैक्स का बड़ा हिस्सा होता है। यानी, तेल कंपनियां दाम बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन असल में अंतिम फैसला सरकार के रुख पर निर्भर करता है। जब भी युद्ध जैसे हालात बनते हैं, तो सरकार राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए कंपनियों को कीमतें न बढ़ाने का सुझाव दे सकती है या फिर खुद टैक्स घटाकर बढ़ी हुई कीमतों का बोझ जनता पर पड़ने से रोक सकती है।

**2. सोना-चांदी:** कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक सोना 1.60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1.90 लाख रुपए तक जा सकता है। चांदी 2.67 लाख रुपए किलो है जो बढ़कर 3.50 लाख तक पहुंच सकती है। युद्ध के समय निवेशक 'सोने' को सुरक्षित मानते हैं।

### मदुरै में बोले-विकसित भारत में तमिलनाडु का अहम योगदान; तिरुप्परनकुंद्रम में मंदिर में पूजा की

# पीएम ने तमिलनाडु-पुडुचेरी में 7,100 करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु पहुंचे। पुडुचेरी में उन्होंने 2700 करोड़ और तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। साथ ही तमिलनाडु में ही आठ नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों, तीन नए आकाशवाणी रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया। इसके बाद मोदी ने मदुरै में सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा, तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। इसके बाद पीएम मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर भी गए। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और दंडवत प्रणाम किया। मंदिर के पुजारियों ने पीएम को भगवान की तस्वीर भेंट की।



## डीएमके की वजह से 34 लाख घर अब तक नहीं बने- मोदी

तमिलनाडु एक तटीय राज्य है और इसमें अपार संभावनाएं हैं। लेकिन जब कांग्रेस और डीएमके पहले सत्ता में थीं, तब वे निष्क्रिय थीं। मदुरवॉयल कॉरिडोर का काम रुका रहा, थूथुकुडी से माल ढुलाई का काम केवल कागजों पर ही रह गया। 2014 के बाद हमें चेन्नई बंदरगाह मिला। डीएमके न तो गरीबों के लिए काम करती है और न ही दूसरों को काम करने देती है। मैं आपको एक उदाहरण देता हूं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तमिलनाडु में छह लाख से अधिक घर पूरे हो चुके हैं। इन परिवारों को अपना घर मिल गया है... वहीं दूसरी ओर, डीएमके की वजह से लगभग तीन लाख घर अभी भी अधूरे हैं।

## तमिलनाडु की महिलाएं गंभीर संकट में हैं- मोदी

हाल ही में मैंने सुना कि डीएमके के किसी व्यक्ति ने कहा कि उन्हें मेरे पिता या मुझसे डर नहीं लगता। मैं यह बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि लोकतंत्र में कोई किसी से नहीं डरता। इसलिए, जब कोई कहता है कि उन्हें मुझसे डर नहीं लगता, तो वे मेरी आलोचना नहीं कर रहे हैं; बल्कि वे लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति मेरी प्रतिबद्धता की सराहना कर रहे हैं। आज तमिलनाडु की महिलाएं गंभीर संकट में हैं। अपराध बढ़ रहा है। लगभग हर दूसरे दिन महिलाओं के खिलाफ किसी न किसी अपराध की खबर सुनने को मिलती है। इसके अलावा, महिलाएं अपने परिवारों को ड्रग माफिया और शराब के चंगुल में बर्बाद होते देख रही हैं। उन्हें याद आता है कि अम्मा के समय उनका जीवन कितना बेहतर था।

तमिलनाडु एक तटीय राज्य है और इसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन जब कांग्रेस और डीएमके पहले सत्ता में थीं, तब वे निष्क्रिय थीं। मदुरवॉयल कॉरिडोर रुका रहा, थूथुकुडी ट्रांसशिपमेंट सिर्फ कागजों पर ही रह गया। 2014 के बाद हमें चेन्नई बंदरगाह मिला। हमने बंदरगाह और मदुरवॉयल एलिवेटेड कॉरिडोर को पुनर्जीवित किया। हमने कामराजा और चेन्नई बंदरगाह को एकीकृत करके भारत का पहला पोर्ट क्लस्टर बनाया।

# ईरान-इजराइल जंग; अबू धाबी में ईरानी हमले में भारतीय घायल:दूतावास ने कहा- खतरे से बाहर हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल का ईरान पर लगातार दूसरे दिन हवाई हमला जारी है। इस बीच यूनाइटेड अरब अमीरात प्रशासन ने बताया कि अबू धाबी में ईरान के हमले से एक भारतीय घायल हो गया है।

यूएई में भारतीय दूतावास ने बताया है कि उन्हें भारतीय नागरिक के घायल होने की जानकारी है। वे भारतीय नागरिक के संपर्क में हैं और वह अभी खतरे से बाहर हैं। हम हर संभव मदद कर रहे हैं। आज सुबह ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत की पुष्टि हुई। इसके बाद भारत के कई शहरों में प्रदर्शन शुरू हो गए। कश्मीर के श्रीनगर, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, संभल, बिहार के पटना और अन्य राज्यों से भी प्रदर्शन की तस्वीरें सामने आई। नई दिल्ली में लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। यूपी की राजधानी लखनऊ में भी शिया मुसलमानों ने मातम मनाया। मिडिल-ईस्ट के बंद एयरस्पेस के चलते 1 मार्च को भारतीय घरेलू एयरलाइंस की 350 उड़ानें रद्द की गईं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी फ्लाइट की स्थिति लगातार ट्रेक करते रहें।

एअर इंडिया ने कहा कि एअर इंडिया की नॉर्थ अमेरिका और यूरोप के लिए फ्लाइट्स मिडिल ईस्ट में मौजूद एयरस्पेस के ऊपर से दूसरे रूट्स का इस्तेमाल करके तय शेड्यूल के हिसाब से चलेंगी, जिससे उड़ने का समय बढ़ने की उम्मीद है।

## आखिरी फैसला 88 मौलवी करेंगे

# खामेनेई के बेटे बन सकते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर, 2 साल से सत्ता संभालने की ट्रेनिंग ले रहे थे

ब्रह्मास्त्र ›› ईरान

अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि उनकी जगह कौन लेगा। यह सवाल इसलिए भी, क्योंकि ईरान का सुप्रीम लीडर राष्ट्रपति से भी ज्यादा ताकतवर होता है। ईरान ने अभी नए सुप्रीम लीडर के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन सरकारी मीडिया ह्यफार्सह्न समेत कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके बेटे मुजतबा खामेनेई इस पद पर चुने जा सकते हैं। उन्हें पिछले 2 साल से सुप्रीम लीडर बनाने की तैयारी चल रही थी।

ईरान में सुप्रीम लीडर को रहबर कहा जाता है। रहबर का मतलब है, मार्गदर्शक या रास्ता दिखाने वाला। 88 मौलवियों की असेंबली सुप्रीम लीडर का चुनाव करती है। दुनिया में ईरान और वेटिकन सिटी ही ऐसे देश हैं जहां धार्मिक नेता सबसे ज्यादा ताकतवर हैं। ईरान में सुप्रीम लीडर का दर्जा ठीक वैसा ही है, जैसा वेटिकन में पोप को हासिल है।

### खामेनेई ने बीमार होने पर मुजतबा को उत्तराधिकारी बनाया था

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अपने दूसरे बेटे मुजतबा खामेनेई को साल 2024 में उत्तराधिकारी बनाया था। खामेनेई ने बीमारी के चलते यह फैसला लिया था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की एक्सपर्ट असेंबली ने 26 सितंबर 2024 को ही नए सुप्रीम लीडर का चुनाव कर लिया था। खामेनेई ने असेंबली के 60 सदस्यों को बुलाकर गोपनीय तरीके से उत्तराधिकारी पर फैसला लेने कहा था।

खामेनेई की मौत के बाद अब मुजतबा सार्वजनिक रूप से सुप्रीम लीडर के दावेदार के तौर पर सामने आ सकते हैं।

### इस्लामिक मामलों के जानकार हैं मुजतबा खामेनेई

मुजतबा अपने पिता की तरह ही इस्लामिक मामलों के जानकार हैं। वे पहली बार 2009 में दुनिया की नजरों में आए। उन्होंने ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों को सख्ती से कुचला, जिसमें कई लोग मारे गए। तब राष्ट्रपति चुनाव में कट्टरपंथी नेता महमूद अहमदीनेजाद को सुधारवादी नेता मीर होसैन मौसवी पर जीत मिली थी। सुधारवादी नेताओं ने दावा किया कि चुनाव में भारी पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। इसके बाद लाखों लोग सड़कों पर उतर आए थे। इसे 'ईरानी ग्रीन मूवमेंट' का नाम दिया गया। यह दो साल तक चला, लेकिन ईरानी सरकार ने इसे बल प्रयोग करके दबा दिया था। कहा गया था कि इसके पीछे मुजतबा खामेनेई का दिमाग है।

### किसी पद पर नहीं थे मुजतबा, भाषण भी नहीं देते

मुजतबा के सरकार में किसी पद पर न होने के बाद भी जरूरी फैसलों में लगातार उनकी भागीदारी बढ़ती देखी गई। रिपोर्ट के मुताबिक मुजतबा एक रहस्यमयी शख्स हैं। वह बहुत कम अवसरों पर नजर आते हैं। वे पिता की तरह सार्वजनिक भाषण नहीं देते। कहा जाता है कि ईरान की खुफिया और दूसरी सरकारी एजेंसियों में मुजतबा के लोग बैठे हुए हैं। ईरान में इब्राहिम रईसी के राष्ट्रपति बनने के बाद मुजतबा का कद काफी बढ़ गया था।



अयातुल्ला खामेनेई के उत्तराधिकारी बनेंगे मुजतबा खामेनेई

पूरा नाम: मुजतबा हुसैनी खामेनेई

**जन्म:** 8 सितंबर 1969 (मशहद, ईरान)

ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के दूसरे बेटे हैं

**पत्नी:** ज़हरा हद्दाद-आदेल (मृत्यु 2026)

ईरान-इराक युद्ध में शामिल रहे। लो प्रोफाइल में रहते हैं।

**2019** सरकार में कोई पद नहीं लिया। 2019 में अमेरिका ने बैन लगाया।

### ईरान में सबसे ताकतवर लोग और संस्थाएं

**रहबर:** ईरान में रहबर देश की सरकार, सेना, समाज और विदेश नीति पर फैसला करते हैं। वे सभी सेनाओं के कमांडर-इन-चीफ भी होते हैं। अब तक सिर्फ दो लोग इस पद पर आए हैं। खामेनेई 37 साल से रहबर थे। ईरान में रहबर, असेंबली, गार्डियन काउंसिल, राष्ट्रपति और संसद मिलकर देश चलाते हैं। लेकिन असली ताकत हमेशा रहबर के पास रहती है।

**असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स:** इसमें 88 धर्मगुरु होते हैं। जनता हर 8 साल में इनके सदस्यों का चुनाव करती है। यह असेंबली रहबर को चुनती है और उनके काम पर नजर रखती है। अगर रहबर ठीक से काम न करें, तो उन्हें हटा भी सकती है।

**राष्ट्रपति:** राष्ट्रपति देश का दूसरा सबसे ताकतवर नेता होता है। वे सरकार चलाते हैं और विदेश नीति में मदद करते हैं, लेकिन आखिरी फैसला हमेशा रहबर का होता है। राष्ट्रपति बनने के लिए गार्डियन काउंसिल की मंजूरी जरूरी होती है।

# ट्रम्प बोले- क्यूबा आर्थिक तंगी से जुझ रहा, जल्द फ्रेंडली टेकओवर कर सकते है

ब्रह्मास्त्र ›› टेक्सास

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि क्यूबा सरकार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही है और अमेरिका से बातचीत कर रही है। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिका क्यूबा का फ्रेंडली टेकओवर कर सकता है, जिससे क्यूबन-अमेरिकियों को लाभ हो सकता है। व्हाइट हाउस से टेक्सास रवाना होते समय ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा, ह्यक्यूबा सरकार हमसे बात कर रही है। वे बड़ी मुसीबत में हैं। उनके पास पैसा नहीं है, उनके पास कुछ भी नहीं है। लेकिन वे हमसे बातचीत कर रहे हैं और हो सकता है कि हमारा क्यूबा पर फ्रेंडली टेकओवर हो जाए। हालांकि ट्रम्प ने यह स्पष्ट नहीं किया कि फ्रेंडली टेकओवर से उनका क्या मतलब है और दोनों देशों के बीच किस मुद्दे पर चर्चा चल रही है।



## ईरान में हमले के चलते पाकिस्तानी हिंदुओं ने होली सादगी से मनाने का फैसला लिया

ब्रह्मास्त्र ›› ब्रिसबेन

ईरान पर हमलों के बाद क्षेत्र में बने तनावपूर्ण हालात को देखते हुए पाकिस्तान के हिंदू समुदाय ने इस वर्ष होली सादगी से मनाने का फैसला किया है। यह निर्णय राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की अपील के बाद लिया गया। होली का त्योहार 4 मार्च को मनाया जाएगा। पाकिस्तान हिंदू काउंसिल के संरक्षक-इन-चीफ डॉ. रमेश कुमार वांकवानी ने बताया कि राष्ट्रपति ने हिंदू समुदाय से इस बार सादगी से त्योहार मनाने का अनुरोध किया है। डॉ. वांकवानी, जो राष्ट्रीय असेंबली में अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व भी करते हैं, ने राष्ट्रपति के संदेश को समयानुकूल और जिम्मेदार बताया।

उन्होंने कहा कि मौजूदा क्षेत्रीय तनाव और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों को सीमित रखने की अपील की गई है। उन्होंने जोर दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना सभी की साझा जिम्मेदारी है। राष्ट्रपति की अपील के बाद वांकवानी ने पाकिस्तान हिंदू काउंसिल को देशभर में होली की तैयारियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समुदाय से सावधानी बरतने, बड़े आयोजनों से बचने और स्थानीय प्रशासन का सहयोग करने की भी अपील की।

## बोलिविया में करेंसी से भरा प्लेन क्रैश, 15 की मौत: 30 घायल

### खराब मौसम के कारण रनवे से फिसला; हाईवे पर बिखरे नोट उठाने जुटे लोग

बोलिविया के एल आल्टो शहर में शनिवार सुबह (भारतीय समयानुसार) एक विमान क्रैश हो गया। यह बोलिविया की वायुसेना का हरक्यूलिस विमान था। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। विमान देश के सेंट्रल बैंक के नए नोट लेकर जा रहा था। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब मौसम के बीच विमान लैंडिंग के बाद रनवे से फिसलकर पास की व्यस्त सड़क पर जा गिरा। जिस सड़क पर यह गिरा, वहां खड़ी 10 से 15 गाड़ियां भी इसके चपेट में आ गईं। एयरक्राफ्ट का मलबा, टूटी हुई कारें और लाशें सड़क पर बिखरी नजर आईं। सड़क पर बैंक के नोट भी बिखरे नजर आए, जिन्हें उठाने के लिए लोग मौके पर जुट गए। हादसे के बाद एयरपोर्ट अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में हादसे के बाद अफरातफरी का माहौल दिखा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों को पानी की बौछार और आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। हालांकि, इन वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष में दावा- 300 की मौत, 500 घायलः ट्रम्प बोले- पाकिस्तान अच्छा प्रदर्शन कर रहा

ब्रह्मास्त्र ›› काबुल/इस्लामाबाद

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों के 300 से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 500 से ज्यादा घायल हुए। दोनों देश आगे भी एक दूसरे को सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जब पूछा गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अमेरिका दखल देगा? इस पर उन्होंने कहा कि मैं दखल दे सकता हूं, लेकिन मेरे पाकिस्तान से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। पाकिस्तान इस समय काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वहीं पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि देश में होने वाले आतंकी हमलों के पीछे भारत की भूमिका है। उनका कहना है कि इन गतिविधियों के लिए अफगान तालिबान के क्षेत्र का इस्तेमाल किया जाता है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरूआत गुरुवार देर रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के जवाब में कार्रवाई की। इसके बाद में पाकिस्तान ने ह्यऑपरेशन गजब-लिल-हकह्न शुरू किया। पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल, कंधार, पक्तिया, नंगरहार और अन्य प्रांतों में एयरस्ट्राइक की।



पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी के अनुसार, अब तक 274 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। उनका कहना है कि 115 टैंक और बख्तरबंद गाड़ियां नष्ट की गईं, 74 चौकियां तबाह की गईं और 18 चौकियों पर पाकिस्तानी सेना ने कंट्रोल कर लिया है। पाकिस्तान ने यह भी स्वीकार किया कि उसके 12 सैनिक मारे गए और 27 घायल हुए हैं।


### पाकिस्तान में निजी ड्रोन उड़ाने पर रोक


अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसने पाकिस्तान के अंदर ड्रोन से सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। वहीं, पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने कहा कि एबटाबाद, स्वाबी और नौशेरा में छोटे ड्रोन गिरा दिए गए और कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। इन घटनाओं के बाद पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने पूरे देश में निजी ड्रोन उड़ाने पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है। पूर्व पाकिस्तानी सेना अधिकारी आदिल रजा ने दावा किया कि अफगानिस्तान से उड़ाए गए ड्रोन ने इस्लामाबाद के पास एक न्यूक्लियर एनर्जी सेंटर समेत कई अहम सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### पाकिस्तान की संसद में निंदा प्रस्ताव पास

पाकिस्तान की सीनेट ने अफगानिस्तान के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आगे किसी भी उकसावे पर कड़ा और निर्णायक जवाब दिया जाएगा।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. अंगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. मांड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सभ्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन्न-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

**पिछले वर्ग पहेली का हल**



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | | 3 | | 61 | | 10 | = | 66 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 5 | | 51 | | 25 | = | 24 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 40 | | 10 | | 25 | = | 45 |
| | | | | | | | | |
| 70 | | 18 | | 27 | | 40 | = | 75 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 45 | | 30 | | 27 | | 50 | = | 60 / 52 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म | र | यु | दा | प | र | तू | ग | झ | दो |
| ज | अ | ल | प | मु | रि | शो | ना | दि | शा | आं |
| अं | इ | नु | म | ल | दा | ल | ध | र | ला | खें |
| ती | कु | दा | रा | धा | य | क | प | रि | श | बा |
| स | ति | श | न | धा | क | व | शै | ग | बी | र |
| शै | रं | ल | प | व | लि | र्त | ऐ | ती | प | ह |
| क | गा | ल | श | आ | प | म | र्थ | की | या | स |
| स | बा | अ | र्जा | त | क | छ | प्प | ग | श | य |
| म | स | मि | तें | व | न | ज | मृ | शा | जू | द |
| द | र | ल | श | ह | र | औ | र | स | प | ना |
| बो | ह्र | सा | रु | बा | ष | व | हा | दु | र | क |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | | | 1 | |
| 5 | 29 | | 37 | | 31 | 3 |
| | 3 | | 7 | 5 | | |
| 3 | 27 | 6 | 41 | | 33 | 2 |
| | | 3 | | | 5 | 4 |
| | 29 | | 27 | 4 | 30 | 1 |
| 7 | 4 | | 2 | | | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ




# अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत

## ट्रम्प बोले- 48 नेता एक झटके में खत्म; ब्रिटेन-फ्रांस, जर्मनी ईरानी हमले रोकने में मदद को तैयार

**इजराइल और अमेरिका के ईरान पर लगातार दूसरे दिन भी हमले जारी हैं। रविवार को ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स का हेडक्वार्टर निशाने पर रहा। इससे पहले शनिवार को ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई।**





इजराइल की ईरान पर एयरस्ट्राइक




इजराइल और अमेरिका के ईरान पर लगातार दूसरे दिन भी हमले जारी हैं। रविवार को ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स का हेडक्वार्टर निशाने पर रहा। इससे पहले शनिवार को ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि इन हमलों में 48 ईरानी ह्रनेताह्न मारे गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका ने ईरान के 9 जहाज डुबो दिए हैं।

इजराइली वायुसेना ने बताया कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर पिछले 24 घंटे में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर 30 मिसाइलों से हमला किया गया। इसमें उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं।

खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी सेना ने इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के कई देशों में हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइल में एक हमले में 9 लोगों की मौत हो गई है। तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत भी हो गई है।

खामेनेई के दफ्तर की तस्वीर




## ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया है। इनमें 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने जवाब में इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। उसने कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व वअए में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। वअए के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई के पास होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया।



## इजराइली सेना ने लेबनान में हवाई हमले शुरू किए

चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली सेना ने लेबनान में हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि ये हमले नॉर्थ इजराइल की ओर रॉकेट दागे जाने का जवाब हैं।

### यमन ने कहा वह ईरान के हमलों के खिलाफ गल्फ देशों का समर्थन करेगा

यमन के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि वह खाड़ी देशों और जॉर्डन पर ईरानी हमलों की कड़ी निंदा करता है। आम लोगों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। यमन ने कहा कि वह ईरान के खिलाफ गल्फ कंट्रीज के रुख का समर्थन करता है।

ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, तेहरान के कुछ हिस्सों में धमाके सुने गए हैं। हिजबुल्लाह ऑफिशियली जंग में शामिल हो गया है। उसने ड्रोन और मिसाइलों से हाइफा पर हमला किया है। नवंबर 2024 के सीजफायर एग्रीमेंट के बाद पहली बार, हिज्बुल्लाह एक्टिवली जंग में शामिल हुआ है।

उसने उत्तरी इजराइल में कई कम्युनिटीज पर बड़े पैमाने पर रॉकेट दागे हैं। ठ12 न्यूज इजराइल के मुताबिक, इस हमले में हाइफा इलाके में कम से कम 6 सीधे हमले किए हैं। हिज्बुल्लाह ने लेबनान की जमीन से ऑपरेशन शुरू किए हैं। इजराइल को लेबनान सरकार से कोई दिक्कत नहीं है। हालांकि हिजबुल्लाह ने अभी तक लेबनान से इजराइल की तरफ हुई फायरिंग की जिम्मेदारी नहीं ली है। बगदाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वर मिलिट्री इंस्टॉलेशन पर हमला हुआ है। एक ने सिक्योरिटी सेंटर पर हमला किया और दूसरे को मिलिट्री बेस के पास रोका गया।

■ वर्ष-12 अंक-119 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 02 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौच मिन्द्रियनिग्रहः।
धी विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्म लक्षणम्॥

**भावार्थ** : बोध की शक्ति, क्षमा, शक्ति, अस्तेय (चोरी न करना), शौच, इन्द्रियों पर नियंत्रण, बुद्धि, विद्या, सत्य, क्रोध-ये दस धर्मों के लक्षण हैं।

न क्लेशेन विना द्रव्यं विना द्रव्येण न क्रिया।
क्रियाहीने न धर्मः स्यात् धर्महीने कुतः सुखम्॥

**भावार्थ** : दुख के बिना कोई सार नहीं है, पदार्थ के बिना कोई क्रिया नहीं है, कर्म के बिना धर्म संभव नहीं है; और धर्म के बिना सुख कैसे हो सकता है? (अर्थात् बिना कष्ट के तुम धर्म और सुख को भी नहीं पा सकते।

## आयोजने राहुलगान्धिः राष्ट्रियराजनीतिः, सामाजिकसौहार्दः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वायनाड

तदा तदा सः स्वजनानाम् मध्ये इव अनुभवति। सः स्थानीयजनानाम् आभारं प्रकटितवान् यत् वायनाड् इत्यनेन कठिनराजनैतिकपरिस्थितौ अपि तस्मै विश्वासः समर्थनं च दत्तम्। आयोजने राहुलगान्धिः राष्ट्रियराजनीतिः, सामाजिकसौहार्दः, विकासः च इत्यादिषु विषयेषु अपि वदति स्म। सः अवदत् यत् राजनीतिस्य उद्देश्यं जनानां एकीकरणं भवेत्, न तु तेषां विभाजनम्। सः युवानां, महिलानां, कृषकाणां च सशक्तिकरणाय विशेषं बलं दत्तवान्, काङ्ग्रेसपक्षस्य लक्ष्यं समावेशीविकासः इति बोधयन्। सभायाः समये राहुलगान्धिनः व्यवहारः तुल्यकालिकरूपेण शिथिलः, वातार्लापपूर्णः च आसीत्। सः मञ्चात् प्रत्यक्षतया जनसामान्येन सह अनेकवारं संवादं कृतवान्, स्थानीयविषयेषु प्रतिक्रियां च याचितवान्। प्रियंका वाड्रा विषये तस्य आख्यानं अस्य आयोजनस्य सर्वाधिकं चर्चां जनयति स्म।

## सम्पादकीयम्

### बजटे एतेषु क्षेत्रेषु सर्वकारस्य ध्यानं

२०२६ तमस्य वर्षस्य बजटे एतेषु क्षेत्रेषु सर्वकारस्य ध्यानं वर्तते, यत्र वित्तमन्त्री व्यापकं मार्गचित्रं प्रदत्तवान्। वित्तमन्त्री निर्मला सीतारमणः बजटे रोजगारवर्धनार्थं अर्थव्यवस्थायाः सुदृढीकरणाय च उपायानां रूपरेखां दत्तवती। अर्धचालकाः, जैवऔषधं, वस्त्रं च इत्यादिक्षेत्रेषु बलं दत्तम् अस्ति। वित्तमन्त्री निर्मला सीतारमणः सम्प्रति विश्वे यत् भूराजनीतिक-अशान्तिं अनुभवति तस्य कारणेन देशस्य समक्षं यत् आव्हानं वर्तते तत् दूरीकर्तुं मार्गचित्रं प्रस्तुतवती। सर्वाधिकं आव्हानं रोजगारः एव। फलतः विनिर्माणक्षेत्रे महत्त्वपूर्णं बलं दत्तम् अस्ति। सकलराष्ट्रीयउत्पादस्य योगदानं २५% यावत् वर्धयितुं सर्वकारेण लक्ष्यं निर्धारितम्, यद्यपि २०% लक्ष्यम् अद्यापि न प्राप्तम्। घरेलु अर्थव्यवस्थायां ध्यानं दत्तव्यम् अस्य आलोके वित्तमन्त्री षट् प्राथमिकताक्षेत्रेषु ध्यानं दत्तवान्। एतेषु अर्धचालकाः, जैवौषधानि, वस्त्राणि, एमएसएमई, नगरीय-आर्थिक-समूहाः च सन्ति। देशस्य बाह्य-आघातात् रक्षणार्थं आन्तरिक-अर्थव्यवस्थायाः सुदृढीकरणे सर्वकारस्य ध्यानं वर्तते। दुग्ध, मत्स्यपालनं, कृषिरोजगारं च सुदृढं कर्तुं सर्वकारेण अनेके उपायाः अपि कृताः, येषां सकारात्मकः प्रभावः भविष्ये अपेक्षितः अस्ति इत्यत्र ध्यानं दत्तव्यम् आधारभूतसंरचनायाः विषये अपि सर्वकारः ध्यानं ददाति। २०२७ वित्तवर्षे पूंजीव्ययस्य १०% वृद्धिः १२.२ लक्षकोटिरूप्यकाणां कृते घोषिता अस्ति।

## सुजुकी नूतनं ई-एक्सेस इलेक्ट्रिक स्कूटरं प्रक्षेपयति

# विक्रयः 20,000 पर्यन्तं लाभेन




ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

भारते विद्युत्-द्विचक्रीय-विपणनं निरन्तरं विस्तारं प्राप्नोति, सुजुकी-मोटरसाइकिल-इण्डिया इत्यनेन आकर्षक-प्रस्तावैः सह स्वस्य प्रीमियम-विद्युत्-स्कूटर-ई-एक्सेस्-इत्येतत् प्रक्षेपणं कृतम् अस्ति कम्पनी घोषितवती यत् ग्राहकाः नूतनस्य मॉडलस्य क्रयणे कुलम् प्रायः २०,००० लाभं प्राप्नुयुः। एतेषु लाभेषु विशेषवित्तयोजनाः, निष्ठाबोनसः, विस्तारिता वारण्टी च सन्ति, येन एतत् प्रीमियमस्कूटरं पूर्वापेक्षया अधिकं किफायती भवति

सुजुकी ई-एक्सेस इत्यस्य मूल्यं १.८८ लक्षं (पूर्व-शोरूम) इति कृत्वा प्रीमियम-विभागे स्थापितं अस्ति। कम्पनी कथयति यत् एतत् प्रतिरूपं 'मेड इन इण्डिया' इति उपक्रमस्य अन्तर्गतं विकसितम् अस्ति तथा च आन्तरिकविपण्यस्य निर्यातस्य च कृते विनिर्मितम् अस्ति। २०२५ तमे वर्षे इण्डिया मोबिलिटी ग्लोबल एक्स्पो इत्यस्मिन् प्रथमवारं स्कूटरस्य परिचयः अभवत्, यत्र सकारात्मकप्रतिक्रियाः प्राप्ताः।

कम्पनीद्वारा प्रदत्तानां विशेषाणां छूटयोजनानां अन्तर्गतं ग्राहकाः 19,800 पर्यन्तं लाभं प्राप्तुं शक्नुवन्ति। सुजुकी इत्यनेन कतिपयैः वित्तीयसंस्थाभिः सह साझेदारी कृत्वा ५.९९ प्रतिशतात् आरभ्य व्याजदरेण विशेषऋणयोजनानि प्रदातुं शक्यन्ते। एतेषु वित्तप्रस्तावेषु ग्राहकानाम् 9,800 पर्यन्तं रक्षणं कर्तुं शक्यते। तदतिरिक्तं येषां ग्राहकानाम् पूर्वमेव सुजुकी-वाहनं वर्तते, तेषां ई-प्रवेशस्य क्रयणसमये 10,000 निष्ठाबोनसः प्रदत्तः भवति। नवीनग्राहकाः 7,000 इत्यस्य स्वागतप्रस्तावम् अपि प्राप्नुवन्ति तथा च 4,000 मूल्यस्य निःशुल्कविस्तारितवारण्टी अपि प्राप्नुवन्ति, यत् सप्तवर्षपर्यन्तं वा ८०,००० किलोमीटं यावत् वैधं भवति।

तकनीकीविशेषतानां दृष्ट्या ई-एक्सेस् ३.०७ किलोवाट्-घण्टायाः लिथियम आयरन फॉस्फेट् बैटरी इत्यनेन सुसज्जितम् अस्ति। कम्पनी दावान् करोति यत् एषा बैटरी अधिकं स्थायित्वं स्थिरं च अस्ति। स्कूटरः एकस्मिन् पूर्णचार्जने प्रायः ९५ किलोमीट यावत् व्याप्तिम् अयच्छति। अस्य सर्वोच्चवेगः प्रतिघण्टां ७१ किलोमीट अस्ति। विद्युत्मोटरेण ४.१ किलोवाट् शक्तिः १५ न्यूटनमीट टोर्क च उत्पद्यते, यत् नगरीयप्रयोगाय पर्याप्तं मन्यते। ई-एक्सेस् इत्यस्मिन् त्रीणि सवारीविधानानि सन्ति, यत्र इको मोड् अपि अस्ति, यः बैटरी-उपभोगं नियन्त्रयितुं साहाय्यं करोति। अस्मिन् पुनर्जननात्मकं ब्रेकिंग-प्रणाली अपि अस्ति यत् ब्रेकिंग-काले बैटरी-इत्यस्य आंशिकरूपेण पुनः चार्जं करोति। रिवर्स असिस्ट्-विशेषता अपि अन्तर्भवति, येन पार्किङ्ग-काले स्कूटरस्य रिवर्स-करणं सुकरं भवति। कम्पनीयाः चार्जिंग् विकल्पाः अपि उपन्ताः सन्ति। मानकचार्जरेण बैटरी ० तः ८० प्रतिशतं यावत् चार्ज कर्तुं प्रायः ४ घण्टाः ३० निमेषाः च भवन्ति, यदा तु पूर्णतया चार्जं

## धनवापसीप्रक्रिया दीर्घा भवति स्म

# नूतनव्यवस्थायाः उत्तरदायित्वं स्पष्टं कृतम् अस्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

धनवापसीप्रक्रिया दीर्घा भवति स्म। नूतनव्यवस्थायाः उत्तरदायित्वं स्पष्टं कृतम् अस्ति। विमाननविशेषकाणां मते ४८ घण्टानां निःशुल्कं रद्दीकरणविण्डो उपभोक्तृविश्वासं वर्धयितुं साहाय्यं कर्तुं शक्नोति। डिजिटलबुकिंग् इत्यस्य वर्धमानप्रवृत्त्या यात्रिकाः प्रायः त्वरितनिर्णयं कुर्वन्ति। द्विदिनात्मकं खिडकं तेषां योजनानां समीक्षायाः अवसरं दास्यति। अनेन विमानसेवानां यात्रिकाणां च विवादानाम् संख्या अपि न्यूनीकर्तुं शक्यते।

परन्तु केचन उद्योगप्रतिनिधिः वदन्ति यत् विमानसेवानां परिचालनस्य राजस्वप्रबन्धनस्य च प्रयोजनार्थं एतेषां नियमानाम् अनुकूलतायै स्वनीतिषु समायोजनस्य आवश्यकता भविष्यति। परन्तु उपभोक्तृहितं प्राथमिकताम् अददात् नियामकेन स्पष्टं कृतम् यत् पारदर्शितायाः समयसापेक्षतायाः च क्षतिः न भविष्यति।

डीजीसीए द्वारा फरवरी २४ दिनाङ्के निर्गताः संशोधिताः मार्गदर्शिकाः तत्क्षणमेव प्रभावी इति मन्यन्ते। इदानीं महत्त्वपूर्णं भविष्यति यत् विमानसेवाः एतेषां नियमानाम् अनुपालनं कियत्पर्यन्तं सुनिश्चितं कुर्वन्ति तथा च एतेन यात्रिकाणां शिकायतां वास्तविकं न्यूनीकरणं भवति वा इति। समग्रतया एषः निर्णयः विमानयात्रिकाणां कृते प्रमुखः राहतरूपेण दृश्यते। अतिरिक्तशुल्कं विना ४८ घण्टानां अन्तः टिकटं रद्दीकर्तुं वा परिवर्तनं कर्तुं वा क्षमता, नामसुधारार्थं अतिरिक्तशुल्कं नास्ति, १४ कार्यदिनेषु अनिवार्यं धनवापसी च इत्यादीनि प्रावधानानि विमाननक्षेत्रे उपभोक्तृअधिकारं सुदृढं कर्तुं महत्त्वपूर्णपदार्थाः सिद्धाः भवितुम् अर्हन्ति भविष्ये एतेषां नियमानाम् प्रभावः देशस्य नागरिकविमाननक्षेत्रे अधिका।

## राशिफल

**मेष** : सेहत में सिर दर्द या आंखों में जलन हो सकती है। लव लाइफ में छोटी-छोटी बातों पर गलतफहमी हो सकती है।

**वृषभ** : पेट से जुड़ी दिक्कत हो सकती है। लव लाइफ में समय दें, पार्टनर से खुलकर बात करेंगे तो गलतफहमी दूर होगी।

**मिथुन** : थोड़ी थकान या नींद की कमी महसूस हो सकती है, आराम के लिए टाइम निकालें। मन थोड़ा भटक सकता है।

**कर्क** : सेहत में गैस या पेट भारी लग सकता है। धैर्य रखें और शांत रहकर बात करें, हालात आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**सिंह** : थकान भी जल्दी हो सकती है। परिवार में किसी को आपकी मदद की जरूरत पड़ सकती है।

**कन्या** : आपको अपने आप में बने रहने में मदद करता है। बस काम के बीच थोड़ा आराम करना न भूलें।

**तुला** : सेहत ठीक रहेगी, लेकिन लंबे समय तक बैठे रहने से बचें और थोड़ा चलना-फिरना फायदेमंद रहेगा।

**वृश्चिक** : विकास तब शुरू होता है जब आप उन चीजों को लेकर बचाव की मुद्रा छोड़ देते हैं जो अब काम नहीं कर रही हैं।

**धनु** : आपका निजी और व्यावसायिक जीवन संतुलित रहेगा। शाम को किसी करीबी के साथ अच्छा वक्त बीतेगा।

**मकर** : जब आप शांत बैठने का विकल्प चुनेंगे, तो खुद को मजबूत महसूस करेंगे। शांति से आपकी मानसिक संतुलन बना रहेगा।

**कुंभ** : कारोबार में स्थिति सामान्य रहेगी। मां की सेहत पर ध्यान दें। प्रॉपर्टी या वाहन से जुड़ा काम बनेगा, लेकिन रुकावटों के साथ।

**मीन** : बस पानी कम पीने से कमजोरी महसूस हो सकती है। आप किसी से प्यार कर सकते हैं बिना उनकी समस्याएं अपने ऊपर लिए।

## ज्योतिष/वास्तु

# राहु-मंगल की युति से बना अंगारक योग, इन राशियों की बढ़ सकती है मुसीबतें

ज्योतिष में मंगल-राहु की युति से अंगारक योग का निर्माण होता है, जिसे अच्छा नहीं माना जाता है। ऐसे में 2 अप्रैल तक कुछ राशि वालों को सतर्क रहना होगा। ज्योतिष में ग्रहों की चाल का विशेष महत्व होता है, क्योंकि जब भी कोई ग्रह राशि बदलता है तो इसका व्यापक प्रभाव देश-दुनिया के साथ-साथ सभी 12 राशियों के जातकों पर भी पड़ता है। कई बार दो या दो से अधिक ग्रह आपस में युति करके ऐसा योग का निर्माण करते हैं जिससे जातकों के जीवन में विशेष प्रभाव पड़ता है। आपको बता दें कि कुछ ऐसी ही युति बनी है जिससे कुछ राशि वालों को सतर्कता बरतनी होगी। आपको बता दें कि 23 फरवरी को



साहसी और पराक्रमी ग्रह मंगल शनि के स्वामित्व वाली राशि कुंभ में प्रवेश कर चुके हैं ,जहां पर पहले से ही मौजूद राहु हैं जिस कारण से अंगारक योग का निर्माण हुआ है। मंगल कुंभ राशि में 2 अप्रैल 2026 तक रहेंगे जिसके कारण अंगारक योग का निर्माण बना रहेगा। आइए जानते हैं किन राशि वालों पर मंगल-राहु की युति से अंगारक योग का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**कर्क राशि –** कर्क राशि वालों के लिए अंगारक योग आपकी राशि से आठवें भाव में बना हुआ है जिससे आपके जीवन में कई तरह के उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। आपको कार्यस्थल पर थोड़ी सतर्कता बरतनी होगी। आपके विरोधी आपका कुछ नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस दौरान आपको ऑफिस में थोड़ा संभलकर रहना होगा। आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी बरतनी होगी और आपको बेवजह के विवादों में पड़ने से बचना होगा। आपको धैर्य और संयम के साथ काम करना होगा।

**कुंभ राशि–** कुंभ राशि में 2 अप्रैल तक अंगारक योग का प्रभाव रहेगा जिससे इस राशि के जातकों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। यह युति आपकी राशि से लग्न भाव में बन रहा है जिससे आपके जीवन में अचानक से बदलाव आ सकता है। आपको अपने गुस्से पर काबू में करना होगा। इस दौरान जो लोग वैवाहिक जीवन में हैं उनको विशेष सावधानी बरतनी होगी। जल्दबाजी में कोई भी निर्णय करने से आपको बचना होगा। किसी बड़े जोखिम में निवेश करने से पहले आपको कुछ दूरी बनाकर चलनी होगी नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है।

**धनु राशि–** कुंभ राशि में अंगारक योग का बनना धनु राशि वालों के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता है। यह आपकी राशि से तीसरे भाव यानी पराक्रम और वाणी के स्थान पर बन रहा है। ऐसे में आपको घर-परिवार में सदस्यों के बीच बहस या विवाद का कारण बन सकता है। आर्थिक मामलों में आपको अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। धन के लेन-देन के मामलों में आपको किसी पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना होगा।

**मिथुन राशि –** मिथुन राशि वालों को आने वाले दिनों में थोड़ा संभलकर चलना होगा। राहु के साथ मंगल की स्थिति आपका हानि पहुंचा सकती है। आपके बने-बनाए काम में अचानक से रुकावटें आ सकती हैं। इसके अलावा की खास व्यक्ति से मतभेद की भी आंशका है। इस दौरान आपको किसी कानूनी मामलों में बहुत ही सोच-समझकर कोई भी महत्वपूर्ण कदम उठाना पड़ सकता है।

## खबर एक नजर...

### मृतक की पहचान नहीं होने पर दफनाया शव

**उज्जैन।** कालभैरव मंदिर के पास 2 दिन पहले एक युवक मृत अवस्था में मिला था। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रख उसकी पहचान के प्रयास शुरू किये थे। रविवार सुबह तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई। दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद शव को दफना दिया गया। पुलिस के अनुसार मृतक हुलिये बाबा प्रतीत हो रहा था। उसके कान में कुंडल भी लगा था। नाथ सम्प्रदाय से जुड़े साधु-संतों से भी जानकारी जुटाई गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। महाकाल पुलिस ने भी एक अज्ञात व्यक्ति का शव थाना क्षेत्र से मिलने पर पहचान के प्रयास किये, उक्त व्यक्ति की भी पहचान नहीं होने पर रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद दफनाने की प्रक्रिया पूरी कराई गई।

### रिक्शा को बस ने पीछे से मारी टक्कर, 3 घायल

**उज्जैन।** देवासरोड पर सोयाबीन प्लांट के पास बीती रात बस क्रमांक एमपी 50 पी 0464 के चालक ने ओवरटेक करने के प्रयास में आगे चल रही ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। रिक्शा में नीलगंगा थाना क्षेत्र के नागेश्वर नगर में रहने वाला प्रजापत परिवार सवार थे। परिवार के रमेश पिता तुलसीराम प्रजापत 70 साल, ताराबाई पति रमेश प्रजापत 65 साल और पायल पिता चिंटू प्रजापत 14 साल घायल हो गये। रिक्शा में आरती पति चिंटू प्रजापत 35 साल भी सवार थी। जिसे मामूली चोंट लगी। नागझिरी पुलिस ने दुर्घटना के बाद सूचना मिलने पर घायलों को अस्पताल पहुंचाया और आरती प्रजापत की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया। दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर भाग निकला था।

### हिस्ट्रीशिटर को चाकू मारने वाले पुलिस गिरफ्त से दूर

**उज्जैन।** हिस्ट्रीशिटर बदमाश नितेश उर्फ काऊ पिता खुशीलाल निवासी गांधीनगर को शनिवार शाम दो तालाब के पास दीनदयाल काम्पलेक्स स्थित बाबा कैफे पर चिमनगंज क्षेत्र के रहने वाले बदमाश छिंगू बुंदेला ने अपने साथी गोपी वाडिया और धीरज टूटा के साथ मिलकर चाकू मार दिये थे। हिस्ट्रीशटर काऊ गंभीर घायल हो गया था, जिसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में नीलगंगा थाना पुलिस ने जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया था। रविवार को तीनों बदमाशों की तलाश में उनके ठिकानों पर दबिश दी गई, लेकिन गिरफ्त में नहीं आ सके। बताया जा रहा है कि घायल हिस्ट्रीशिटर नितेश उर्फ काऊ रौनक गुर्जर गैंग से जुड़ा हुआ है। गुर्जर गैंग से छिंगू बुंदेला की दुश्मनी बनी हुई है। कुछ दिन पहले नितेश और छिंगू के बीच गाली-गलौच भी हुई थी।

### शराब के रुपए नहीं देने पर युवक के साथ मारपीट

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के मंगलनगर में रहने वाला दिनेश पिता मोतीलाल जैन 42 साल वर्तमान में गणेश नगर में निवास कर रहा है। रात में वह घर लौट रहा था उसी दौरान रास्ते में बदमाश शुभम राय ने उसे रोका और शराब पीने के रुपए मांगने लगा। दिनेश के मना करने पर बदमाश ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस ने दिनेश की शिकायत पर बदमाश शुभम के खिलाफ अवैध वसूली का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मारपीट का एक अन्य मामला इस्कान मंदिर के पास झुग्गी बस्ती में रहने वाले मनदीप पिता कैलाश मकवाना के साथ हुआ। बस्ती में रहने वाले दीपक ने मनदीप से उसकी बाइक की चाबी मांगी। मना करने पर दीपक ने डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर मारपीट करने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

2 5 6

## पुलिस ने 10 किलोमीटर पीछाकर 1 घंटे में कराया मुक्त

# कार सवार 4 बदमाशों ने किया युवक का अपहरण

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

पानी पताशी का ठेला लगाने वाले युवक का इको कार में आये 4 बदमाशों ने अपहरण कर लिया। मामले की खबर मिलते ही पुलिस ने कार का 10 किलोमीटर दूर तक पीछा किया और युवक को मुक्त कराकर अपहरण करने वालों को हिरासत में ले लिया।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि रविवार शाम 5 बजे के लगभग खबर मिली थी कि सुन्दराबाद फंटे पर पानी पताशी का ठेला लगाने वाले विजयसिंह पिता रामनाथ कुशवाह निवासी लाहर जिला भिंड हाल मुकाम ग्राम बालोदा लक्खा का कार क्रमांक एमपी 09 झेड एल 5301 में चार से पांच लोग जबरदस्ती अगवा कर ले गये है। कार बड़नगर की ओर गई है। युवक का अपहरण होने पर तत्काल की डायल 112 के साथ थाना वाहन की मदद से 2 टीमों के साथ कार का पीछा शुरू किया गया। करीब 10 किलोमीटर पीछा करने के बाद कार को रोक लिया गया। जिसमें चार व्यक्ति सवार थे, उन्हे हिरासत में लेकर अपहत युवक विजयसिंह को मुक्त कराया गया। वहीं इको कार को जप्त कर चारों अपहरणकताओं को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उनके नाम प्रहलाद पिता मदनलाल खेरवाल, राघवेन्द्र पिता मुन्नीलाल कुशवाह, रणजीत पिता राधेश्याम डोडिया निवासी बड़नगर और सुनील पिता इंदुसिंह सोलंकी ग्राम जाफला सामने आये। चारों के खिलाफ बीएनएस की धारा 140 (2) में प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। सोमवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।




### 2 लाख की मांग रहे थे फिरोती

अपहृत विजयसिंह ने बताया कि वह काफी समय से बालोदा लक्खा में रहकर पानी पताशी का ठेला लगा रहा है। चारों लोगों ने उससे 2 लाख रुपए मांगे थे, नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। शाम को दुकान पर था उसी दौरान चारों कार से आये और जबरदस्ती उसके साथ मारपीट कर कार में बैठा लिया। विजयसिंह का कहना था कि अगर पुलिस उस तक नहीं पहुंचती तो चारों उसके साथ बड़ी घटना कर सकते थे।

### प्रेम प्रसंग का सामने आया एंगल

बताया जा रहा है फिरोती और अपहरण के मामले में प्रेमप्रसंग का एंगल सामने आया है। 2 साल पहले अपहृत विजयसिंह का पुत्र आरोपी राघवेन्द्र की बेटी को भगाकर अपने साथ ले गया था। प्रेम प्रसंग के चलते भागे युवक-युवती उज्जैन में निवास कर रहे है। जहां विजयसिंह का पुत्र फैक्ट्री में काम करता है और वहीं निवास करता है। उसी रंजीश में फिरोती और अपहरण की घटना को अंजाम दिया गया है।

## महाकाल मंदिर के पुजारी दुबई में फंसे

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

ईरान के हमले के बाद दुबई में हालत बिगड़ने से कई भारतीय वहीं फंसे हुए हैं। इनमें उज्जैन के मोती बाग कालोनी में रहने वाले महाकाल मंदिर के पुजारी विकास शर्मा भी दुबई में फंसे हुए हैं। वह दुबई में होने वाले ज्योतिष सम्मेलन में शामिल होने के लिए 22 फरवरी को दुबई गए थे। 28 फरवरी को वापस आने वाले थे। लेकिन फ्लाइट रद्द होने की वजह से वह दुबई में ही फंसे हुए हैं। परिवार ने शासन से उनकी जल्द सुरक्षित वापसी की मांग के लिए गुहार लगाई है। पुजारी विकास शर्मा महाकाल मंदिर के मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा के छोटे पुत्र हैं तथा उनके बड़े भाई आशीष शर्मा भी महाकाल मंदिर के पुजारी हैं।

महाकाल मंदिर के पुजारी आशीष शर्मा ने बताया कि 22 फरवरी को उनके छोटे भाई पुजारी विकास शर्मा दुबई के लिए रवाना हुए थे। वे दुबई में आयोजित होने वाले संत समागम और ज्योतिष के कार्यक्रम में भाग लेने गए थे। 28 फरवरी को दुबई से वापस आने के लिए फ्लाइट में बैठे। लेकिन फ्लाइट में बैठने के बाद वापस उतार दिया गया। यह कहा गया कि फ्लाइट कैंसिल हो गई है। उसके बाद सभी दुबई में जहां ठहरे थे वहां वापस चले गए। उनके ठहरने की व्यवस्था दुबई में बुर्ज खलीफा के पास की गई थी। लेकिन बुर्ज खलीफा के पास हुई घटना के बाद सभी को दूसरे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। वापस भारत लाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह को इस मामले से अवगत करा दिया गया है। लेकिन अभी तक यह पता नहीं चल पा रहा है। कि वहां से फ्लाइट कब शुरू होगी।



## होली-रंगपंचमी से पहले पुलिस ने संभाला मैदान

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

होली-रंगपंचमी पर कानून व्यवस्था के साथ सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने के लिये पुलिस मैदान संभाल चुकी है। रविवार शाम पुलिस अधीक्षक खुद फ्लैग मार्च पर निकले।

3-4 मार्च को होली का पर्व मनाया जायेगा, वहीं 8 मार्च को रंगपंचमी की मस्ती छायेगी। रंगों के पर्व में कोई खलल ना पड़े इसको लेकर पुलिस मैदान संभाल चुकी है। थाना अनुभाग में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। आदतन गुंडे-बदमाशों को थाने पर तलब कर बाउंड ओवर के साथ डोजियर फार्म भरवाये जा रहे और अपराध नहीं करने की हिदायत दी जा रही है। इसी बीच रविवार शाम माधवनगर से नानाखेड़ा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा स्वयं शामिल हुए। इस दौरान असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। त्यौहारों को शांति-सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाये। माधवनगर से नानाखेडा थाना क्षेत्र में निकले मार्च के साथ ही महाकाल क्षेत्र में डीएसपी भारतसिंह और विक्रमसिंह कनपुरिया के नेतृत्व में मार्च निकाला गया। जिसमें डॉग स्क्वॉड, आरएएफ के जवान और पुलिस बल मौजूद रहा।



**नीलगंगा क्षेत्र में बदमाशों की परेड़-** त्यौहारों से पहले बदमाशों को दी जा रही हिदायत और बाउंड ओवर के साथ डोजियर फार्म भरवाने के अभियान में नीलगंगा थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र के आदतन बदमाशों की रविवार शाम परेड़ कराई। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बदमाशों को संदेश दिया कि अगर छोटा सा अपराध किया तो सख्त कार्रवाई कर सीधे जेल भेजा जायेगा।

## कार सवारों का नेशनल हाइवे रोजवास टोल पर उत्पात

# कर्मचारी पर किया हमला, कैमरे में दिखा घटनाक्रम

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

एबी रोड नेशनल हाइवे रोजवास टोल पर रविवार सुबह एक बार फिर विवाद होना सामने आया। कार सवारों ने बिना टैक्स चुकाये गाडी निकालने का प्रयास किया। रोकने पर कर्मचारी के साथ मारपीट की। विवाद टोल पर कैमरे में कैद हुआ है। कर्मचारी की शिकायत पर तराना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

तराना थाना पुलिस ने बताया कि रोजवास टोल पर कर्मचारी विनोद पिता लल्लनसिंह राजपूत 42 साल निवासी शिव सागर रोहतास बिहार के साथ मारपीट होने और टोल पर तोड़फोड़ की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। टोलकर्मी विनोद के घायल होने पर उसे उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया था। पुलिस घायल के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची, जहां सामने आया कि सुबह 2 कारो में सवार होकर 7 से 8 लोग आये थे। उन्होने बिना टोल शुल्क चुकाये गाड़ी निकालने का प्रयास किया। उन्हे रोका गया तो उन्होने कहा कि टोंककला के सरपंच साहब का मैसेज है। हमारी शुल्क नहीं लगेगा, हम फ्री में गाड़ी निकालेगें। जब उन्हे कहा गया कि ऐसे कोई मैसेज नहीं मिला है। इसी बात पर कार सवारों ने विवाद शुरू कर दिया और गाली-गलौच करते हुए हमला किया। उन्होने बेरियर भी तोड़ दिया। घटनाक्रम देख टोल के अन्य कर्मचारी आये तो मारपीट करने वाले भाग निकले। पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर टोल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें मारपीट और विवाद होता दिखाई दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात हमला करने वालों के खिलाफ धारा 296-बी, 115 (2), 351 (3), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।



### कुछ दिन पहले भी टोल पर हुआ था विवाद

एबी रोड नेशनल हाइवे रोजवास टोल पर 10-12 दिन पहले भी विवाद होना सामने आया था। उस दौरान भी एक कार में सवार आधा दर्जन के लगभग युवकों ने कर्मचारी के साथ मारपीट की थी और उत्पात मचाया था। उक्त कार सवार बिना टोल चुकाये गाड़ी निकालने का प्रयास कर रहे थे। उक्त मामले में भी पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था और फुटेज के आधार पर मारपीट करने वालों की तलाश शुरू की थी, जिनका अब तक पता नहीं चल पाया था और दूसरा घटनाक्रम सामने आ गया। रोजवास टोल पर आये दिन विवाद की स्थिति बनना सामने आ रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com